**95. कथन (A) :** भोजन जालों में विविधता वृद्धि पारिस्थितिकी तन्त्र की स्थिरता को बढ़ावा देती है।

**कारण (R) :** वह पारिस्थितिकी तन्त्र की समुत्थान शक्ति को बढ़ाती है।

**कूट :**

**नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

(a) A तथा R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A तथा R दोनों सही हैं किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है किन्तु R गलत है
(d) A गलत है किन्तु R सही है

**96. भट्टी तेल (फर्नेस ऑयल) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. यह तेल परिष्करणियों (रिफाइनरी) का एक उत्पाद है।
2. कुछ उद्योग इसका उपयोग ऊर्जा (पावर) उत्पादन के लिए करते हैं।
3. इसके उपयोग से पर्यावरण में गंधक का उत्सर्जन होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**97. प्रदूषकों को उनके दीर्घ कालीन प्रभाव के साथ दिए गए कूट की सहायता से सुमेलित कीजिए :**

| **प्रदूषक** | **प्रभाव** |
|---|---|
| A. कार्बन मोनोऑक्साइड | 1. लीवर और किडनी को क्षति |
| B. नाइट्रोजन के ऑक्साइड | 2. कैन्सर |
| C. धूल कण | 3. श्वास सम्बन्धी रोग |
| D. सीसा | 4. केन्द्रीय नर्वस सिस्टम |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 | (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 | (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**98. सूची–I एवं सूची–II का मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए :**

| **सूची–I (आयोजन)** | **सूची–II (नाम)** |
|---|---|
| (I) एपिको मूवमेंट | (i) मेनका गांधी |
| (II) नर्मदा बचाओ आन्दोलन | (ii) अप्पू व ममता |
| (III) पीपुल्स फार एनिमल्स | (iii) बलबीर सिंह सींचेवाल |
| (IV) रिसूरेक्शन ऑफ कालि बेन रिवूलेट | (iv) मेधा पाटकर |

कूट :

| | (I) | (II) | (III) | (IV) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (c) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (d) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**99. सूची-I का सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | क्रायोप्रिजर्वेशन परिरक्षण) | 1. | विशिष्ट संवर्ग का संरक्षित (निम्न ताप क्षेत्र) |
| B. | भूकम्प | 2. | संकटापन्न प्रजातियों का |
| C. | जैव-मंडल संरक्षित क्षेत्र | 3. | बहुत ही कम ताप पर भंडारण |
| D. | रेड डाटा बुक | 4. | अधिकेन्द्र |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**100. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये :**

| | सूची–I (राष्ट्रीय पार्क) | | सूची–II (राज्य) |
|---|---|---|---|
| A. | दाचीगम | 1. | आन्ध्र प्रदेश |
| B. | पापीकोन्डा | 2. | जम्मू एवं कश्मीर |
| C. | सरिस्का | 3. | राजस्थान |
| D. | बान्दीपुर | 4. | कर्नाटक |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**101. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

| बाघ आरक्षित क्षेत्र | | राज्य |
|---|---|---|
| बुक्सा | - | बिहार |
| दम्फा | - | मिजोरम |
| नामेरी | - | असम |
| नामदफा | - | अरुणाचल प्रदेश |

**102. निम्नलिखित में कौन-कौन से कार्यकलाप अर्थव्यवस्था में वास्तविक क्षेत्रक (रियल सेक्टर) का निर्माण करते हैं ?**

1. किसानों का अपनी फसलें काटना
2. कपड़ा मिलों का कच्चे माल कपास को कपड़े में बदलना
3. किसी वाणिज्यिक बैंक का किसी व्यापारी कंपनी को धनराशि उधार देना
4. किसी कॉर्पोरेट निकाय का विदेश में रुपया-अंकित मूल्य के बॉन्ड जारी करना

**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिएः**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3, और 4

**103. निम्नलिखित घटनाओं को भारत में उनके घटने के सुसंगत क्रम में व्यवस्थित कीजिएः**

1. महालनोबिस मॉडल
2. योजना छुट्टी
3. आवर्ती योजना (रोलिंग प्लान)

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1, 2, 3 (b) 3, 2, 1
(c) 2, 3, 1 (d) 1, 3, 2

**104. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिएः**

| | List-I (Curve) | List-II (Indication) |
|---|---|---|
| A. | लॉरेंज वक्र | 1. मुद्रास्फीति ( इंफ्लेशन ) और रोजगार |
| B. | फिलिप्स वक्र | 2. कर दरें एवं कर राजस्व |
| C. | एंजेल वक्र | 3. आय अथवा संपदा के वितरण में असमानता |
| D. | लाफर वक्र | 4. आय और खाद्य पर व्यय का अनुपात |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**105. समर्थित मूल्यों पर खाद्यान्नों की सार्वजनिक खरीद नीति सुनिश्चित करती है–**

(A) कृषि मूल्यों में स्थिरता
(B) कृषकों को प्रेरणादायक मूल्य
(C) सार्वजनिक वितरण के लिये खाद्यान्नों का भंडारण

**उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं?**

(a) (A) और (B) (b) (B) और (C)
(c) (A), (B) और (C) (d) केवल (C)

**106. सूची-(I) को सूची-(II) से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।**

| सूची - (I) (फसल ) | सूची - (II) (प्रजाति ) |
|---|---|
| A. धान | 1. रत्ना |
| B. सरसों | 2. नीलम |
| C. अलसी | 3. रचना |
| D. मटर | 4. वरूण |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**107. कृषि में शून्य-जुताई (zero-tillage) का/के क्या लाभ है/हैं?**

1. पिछली फ़सल के अवशेषों को जलाए बिना गेहूँ की बुआई संभव है।
2. चावल की नई पौध की नर्सरी बनाए बिना, धान के बीजों का नम मृदा में सीधे रोपण संभव है।
3. मृदा में कार्बन पृथक्करण संभव है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिएः**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**108. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

1. कृषि क्षेत्र को अल्पकालीन साख परिदार करने के संदर्भ में, 'जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक (DCCBs)' 'अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको' एवं 'क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों' की तुलना में अधिक ऋण देते हैं।
2. डी.सी.सी.बी. (DCCBs) का एक सबसे प्रमुख कार्य 'प्राथमिक कृषि साख समितियों' को निधि उपलब्ध कराना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**109. भारत के 'विनिवेश आयोग' का प्रथम अध्यक्ष कौन था?**

(a) जी.वी. रामकृष्णा (b) सी. रंगराजन
(c) अरुण जेटली (d) मोन्टेक सिंह अहलुवालिया

**110. निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

(a) तेल शोधनशाला – मथुरा
(b) उर्वरक संयंत्र – लखनऊ
(c) कालीन उद्योग भदोही
(d) एल्यूमीनियम उत्पादन – सोनभद्र

**111. भारतीय सरकारी बॉन्ड प्रतिफल निम्नलिखित में से किससे/किनसे प्रभावित होता है/होते हैं?**

1. यूनाइटेड स्टेट्स फेडरल रिज़र्व की कार्रवाई
2. भारतीय रिज़र्व बैंक की कार्रवाई
3. मुद्रास्फीति एवं अल्पावधि ब्याज दर

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**112. कोर मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही कथन कौन-सा/से है/हैं?**

1. कोर मुद्रास्फीति तात्कालिक झटकों से भी प्रभावित होती है
2. हेड लाइन मुद्रास्फीति में से खाद्य एवं ईंधन के घटकों को हटाने पर कोर मुद्रास्फीति का मापन कर सकते हैं

**नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिएः**

**कूटः**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

**113. सामान्य वित्तीय विधायन में चरण सम्मिलित हैं :**

1. बजट का प्रस्तुतीकरण
2. बजट पर चर्चा
3. विनियोग विधेयक को पारित करना
4. लेखानुदान
5. वित्त विधेयक को पारित करना

**नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये :**

**कूट :**

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3, और 5

**114. कथन (A):** राजकोषीय घाटा, बजटीय घाटे से बड़ा होता है।

**कारण (R) :** राजकोषीय घाटे का अर्थ है सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक से उधार लेकर तथा सरकार की अन्य देयताओं से लेकर अपने खर्च पूरे करना।

**कूट :**

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है

**115. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है?**

| | मात्रा | | एस.आई. मात्रक |
|---|---|---|---|
| (a) | दबाव/दाब | - | पॉस्कल |
| (b) | लेंस की क्षमता | - | डायोप्टर |
| (c) | ऊष्मा | - | जूल |
| (d) | रेडियो-एक्टिव पदार्थ की सक्रियता | - | क्यूरी |

**116. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) प्रकाश वर्ष – दूरी की इकाई
(b) पारसेक – समय की इकाई
(c) डेसीबल – ध्वनि तीव्रता की इकाई
(d) हर्ट्ज – आवृत्ति की इकाई

**117. कथन (A):** एक पूर्णतः घर्षणहीन पृष्ठ (Completely Frictionless Surface) पर खड़ा एक व्यक्ति सीटी बजाने से अपने को गति में ला सकता है।

**कारण (R):** यदि किसी तंत्र पर कोई बाह्य बल क्रियाशील नहीं है, तो इसका संवेग (momentum) परिवर्तित नहीं हो सकता।

**कूट :**

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है
(b) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) A सही है, परन्तु R गलत है
(d) A गलत है, परन्तु R सही है

**118. जब किसी शेविंग ब्रुश को पानी में से निकाला जाता है, तो उसके बाल आपस में चिपक जाते हैं, इसका कारण है–**

(a) घर्षण (b) प्रत्यास्थता
(c) श्यानता (d) पृष्ठ तनाव

**119. निम्नलिखित में कौन सा/से कथन ध्वनि तरंगों के विषय में सही है/हैं?**

**1.** दो क्रमागत संपीड़नों के बीच की दूरी को तरंगदैर्ध्य कहा जाता है।
2. ध्वनि तरंगें दबाव तरंगे हैं

**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न ही 1 न ही 2

**120. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

**कथन (A) :** यदि फ्रीजर पर बर्फ इकट्ठी होती है, तो रेफ्रिजरेटर में शीतलन बुरी तरह प्रभावित हो जाता है।

**कारण (R) :** बर्फ एक दुर्बल चालक है।

**सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट की सहायता से कीजिये :**

**कूट :**

(a) दोनों A और R सही हैं और A का सही स्पष्टीकरण R है।
(b) दोनों A और R सही हैं, परन्तु A का सही स्पष्टीकरण R नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

**121. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| | सूची-I | सूची-II |
|---|---|---|
| A. | मृगतृष्णा | 1. पूर्ण आन्तरिक परावर्तन |
| B. | साबुन-पानी की परतों का रंग | 2. व्यतिकरण |
| C. | आकाश का नीला रंग | 3. प्रकीर्णन |
| D. | प्रिज्म से प्राप्त दृष्ट वर्णक्रम (स्पेक्ट्रम) | 4. विक्षेपण |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**122. निम्न में से किन परिस्थितियों में एक कन्टेनर में भरें हुए कार्बन डाईऑक्साइड के अणुओं के बीच की दूरी बढ़ेगी ?**

i. कन्टेनर का आयतन बढ़ाने पर
ii. कन्टेनर से कुछ कार्बन डाईऑक्साइड गैस लीक होने पर
iii. कन्टेनर के अन्दर हवा का दबाव बढ़ाने से
iv. कन्टेनर के आकार में बिना बदलाव किए और कार्बन डाईऑक्साइड गैस डालने पर

(a) ii और iii
(b) iii और iv
(c) i और iii
(d) i और ii

**123. निम्नलिखित में से कौन-सा/ से रासायनिक परिवर्तन का/के उदाहरण है/ हैं?**

1. सोडियम क्लोराइड का क्रिस्टलन
2. बर्फ का गलन
3. दूध का खट्टा होना

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3
(d) कोई नहीं

**124. आयनी यौगिकों से सम्बन्धित निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

**1.** आयनी यौगिक एल्कोहल में अविलेय होते हैं।
**2.** ठोस अवस्था में आयनी यौगिक विद्युत के उत्तम चालक होते हैं।

**इन कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 तथा 2 दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**125. रासायनिक तत्त्वों की आवर्त सारणी के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

1. किसी एक आवर्त के अनुदिश आयनन विभव धीरे-धीरे कम होता है।
2. तत्त्वों के किसी एक वर्ग में जैसे-जैसे परमाणु भार बढ़ता है इलेक्ट्रॉन बन्धुता कम होती है।
3. किसी निर्दिष्ट आवर्त में जैसे-जैसे परमाणु संख्या बढ़ती है विद्युत ऋणात्मकता कम होती है।

**इनमें से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 3
(d) 2 और 3

**126. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए।**

| | सूची-I (धातु) | | सूची-II (गुणधर्म) |
|---|---|---|---|
| A. | सोडियम | 1. | विद्युत का अच्छा सुचालक |
| B. | पारा | 2. | कमरे के ताप पर द्रव |
| C. | चाँदी | 3. | ऊष्मा का कुचालक |
| D. | सीसा (लेड) | 4. | चाकू से आसानी से काटा जा सकता है |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**127. निम्नलिखित में से कौन-सा स्तनधारी अण्डे देता है?**

(a) कंगारू
(b) लोरिस
(c) एकिडना
(d) हैजहॉग

**128. निम्नलिखित कथनों में से कौन-से पादप और प्राणि कोशिकाओं के बीच सामान्य अंतर के बारे में सही हैं?**

1. पादप कोशिकाओं में सेलुलोस कोशिका भित्तियाँ होती हैं जबकि प्राणि कोशिकाओं में कोशिका भित्तियाँ नहीं होती।
2. पादप कोशिकाओं में प्लाज्मा झिल्ली नहीं होती जबकि इसके विपरीत प्राणि कोशिकाओं में वे होती हैं।
3. परिपक्व पादप कोशिका में एक बृहत् रसधानी होती है जबकि प्राणि कोशिका में अनेक छोटी रसधानियाँ होती हैं।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिएः**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**129. बहुचर्चित 'बबल-बेबी रोग' ऐसा इसलिए कहलाता है, क्योंकि –**

(a) यह पानी के बुलबुले के कारण होता है

(b) रोगग्रस्त शिशु लार के बुलबुले बनाता है

(c) रोगग्रस्त शिशु का उपचार जर्मरहित प्लास्टिक के बुलबुले में किया जाता है

(d) इस रोग को पानी के बुलबुले से ही ठीक किया जाता है

**130. प्रोबायोटिक खाद्य से सम्बद्ध निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. प्रोबायोटिक खाद्य में सजीव जीवाणु विद्यमान होते हैं, जो मानव के लिए लाभकारी माने जाते हैं।
2. प्रोबायोटिक खाद्य अन्त्र फ्लोरा के अनुरक्षण में सहायता देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**131. मच्छरों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. केवल नर रक्त चूसते हैं
2. केवल मादा रक्त चूसती हैं
3. केवल मादा पौधों का रस चूसती हैं
4. मादा की अपेक्षा नर के डैने बड़े होते हैं
5. नर की अपेक्षा मादा के डैने बड़े होते हैं

**इनमें से–**

(a) केवल 2 और 4 सही हैं

(b) केवल 1 और 2 सही हैं

(c) केवल 3 और 5 सही हैं

(d) केवल 2 और 5 सही हैं

**132. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**

**कथन (A) :** मानव शरीर सेलुलोज के पाचन में असक्षम है।

**कारण (R) :** मानव शरीर में स्टार्च-अपघटक एन्जाइम, डायस्टेस, विद्यमान रहता है।

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिएः**

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R) का सही स्पष्टीकरण (A) है।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R) (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है।

(d) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है।

**133. मानव मस्तिष्क के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**1. मस्तिष्क हृदयगति को नियंत्रित रखने के लिए उत्तरदायी है।**

**2. यह शरीर के संतुलन के लिए उत्तरदायी है।**

**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए।**

**कूट :**

(a) केवल 1 सही है

(b) केवल 2 सही है

(c) 1 और 2 दोनों सही है

(d) न तो 1 न ही 2 सही है

**134. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए**

| **सूची-I (हॉर्मोन)** | **सूची-II (प्रकार्य)** |
|---|---|
| A. एल्डोस्टेरॉन | 1. स्त्रियों के गौण लैंगिक लक्षण को बनाए रखना |
| B. ईस्ट्रोजन | 2. सर्केडियन लय को नियंत्रित रखना |
| C. मेलाटोनिन | 3. लवण-धारक हॉर्मोन |
| D. प्रोजेस्टेरॉन | 4. गर्भ का संधारण |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**135. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :**

| **सूची-I (ग्रन्थि)** | **सूची-II (हॉर्मोन)** |
|---|---|
| A. अग्न्याशय | 1. कॉर्टिसॉल |
| B. पीयूष ग्रन्थि | 2. विटामिन D |
| C. अधिवृक्क | 3. अवटुग्रन्थि उत्तेजक हॉर्मोन |
| D. वृक्क | 4. ग्लूकैगॉन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**136. कथन-(1) जनवरी, 2024 में जारी स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में देश के 4477 शहरों को शामिल किया गया।**

**कथन-(2) हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ से 'प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान ( पीएम-जनमन )' की शुरुआत की।**

(a) केवल कथन (1) सही है।

(b) केवल कथन (2) सही है।

(c) केवल कथन (1) और (2) दोनों सही है।

(d) कथन (1) और (2) दोनों गलत है।

**137. कथन-(1)** हाल ही में निर्वाचित मणिपुर के मुख्यमंत्री जिन्हें 'दल-बदल विरोधी कानून' के तहत 1988 में लोकसभा सदस्यता से अयोग्य घोषित किया गया था।

**कथन-(2)** जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 द्वारा राज्य में विधानसभा की सीटों की संख्या 115 प्रस्तावित की गई है।

(a) केवल कथन (1) सही है।

(b) केवल कथन (2) सही है।

(c) केवल कथन (1) और (2) दोनों सही है।

(d) कथन (1) और (2) दोनों गलत है।

**138. कथन-(1) केन्द्र सरकार ने प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को वीर बाल दिवस रूप में मनाने की घोषणा की है।**
**कथन-(2) केन्द्र सरकार ने सम्मक्का सरक्का केन्द्रीय जनजाजीय विश्वविद्यालय तेलंगाना में स्थापित करने का निर्णय लिया है।**
(a) केवल कथन (1) सही है।
(b) केवल कथन (2) सही है।
(c) केवल कथन (1) और (2) दोनों सही है।
(d) कथन (1) और (2) दोनों गलत है।

**139. कथन-(1) केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी सर्वश्रेष्ट पर्यटन ग्राम 2023 पुरस्कारों में उत्तर प्रदेश राज्य के गाँव को प्रथम पुरस्कार दिया गया है।**
**कथन-(2) प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई, 2023 में नई दिल्ली में नेशनल सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (NSCAEM) 2047 का उद्घाटन किया।**
(a) केवल कथन (1) सही है।
(b) केवल कथन (2) सही है।
(c) केवल कथन (1) और (2) दोनों सही है।
(d) कथन (1) और (2) दोनों गलत है।

**140. कथन-(1) मध्य प्रदेश राज्य ने गांगेय डॉल्फिन को राज्य का जलीय जीव घोषित किया है।**
**कथन-(2) गुजरात राज्य ने हाल ही में घोल मछली को राज्य मछली का दर्जा प्रदान किया।**
(a) केवल कथन (1) सही है।
(b) केवल कथन (2) सही है।
(c) केवल कथन (1) और (2) दोनों सही है।
(d) कथन (1) और (2) दोनों गलत है।

**141. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**
**1. प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद, गुजरात से सितम्बर 2023 में ट्रैवल फॉर LiFE कार्यक्रम की शुरुआत की।**
**2. यह कार्यक्रम, मिशन LiFE के अन्तर्गत ही एक क्षेत्रीय कार्यक्रम है।**
**उपर्युक्त कथनों में से सही है –**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 न ही 2

**142. 28 सितम्बर, 2023 को राष्ट्रपति द्वारा स्वीकृत संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम, 2023 निम्नलिखित में से किन संस्थाओं पर कार्यान्वित रहेगा ?**
(a) लोकसभा में
(b) राज्य विधानसभाओं में
(c) दिल्ली NCR की विधानसभा में
(d) उपर्युक्त तीनों में

**143. भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने किस पशु को देश के खाद्य पशु का दर्जा प्रदान किया है ?**
(a) मिथुन
(b) बकरी
(c) गैंडा
(d) इनमें से कोई नहीं

**144. नीति ( NITI) आयोग द्वारा जारी सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले आकांक्षी ब्लाकों और जिलों की पहली डेल्टा रैंकिंग में किस जिले को प्रथम स्थान दिया गया है ?**
(a) जमुई, बिहार
(b) कौशाम्बी, उत्तर प्रदेश
(c) रायगढ़, ओडिशा
(d) पुणे, महाराष्ट्र

**145. कथन-(1) 54वें अन्तर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म महोत्सव में 'पार्टी ऑफ' फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का 'स्वर्ण मयूर' का पुरस्कार प्रदान किया गया।**
**कथन-(2) रुस देश से साइबेरियाई बाघों को 12 वर्ष बाद भारत में लाया गया है।**
(a) केवल कथन (1) सही है।
(b) केवल कथन (2) सही है।
(c) केवल कथन (1) और (2) दोनों सही है।
(d) कथन (1) और (2) दोनों गलत है।

**146. कथन-(1) भूटान ने भारत से लगती अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर एक अन्तरराष्ट्रीय शहर बनाने की घोषणा की है।**
**कथन-(2) उत्तराखण्ड राज्य को एक दिन में सर्वाधिक 18 उत्पादों को जीआई (GI) टैग प्रदान किया गया।**
(a) केवल कथन (1) सही है।
(b) केवल कथन (2) सही है।
(c) केवल कथन (1) और (2) दोनों सही है।
(d) कथन (1) और (2) दोनों गलत है।

**147. भारत के किन शहरों को अक्टूबर, 2023 में यूनेस्को के सृजनात्मक शहर नेटवर्क में शामिल किया गया है ?**
(a) हैदराबाद (b) कोझिकोड
(c) ग्वालियर (d) b और c दोनों

**148. भारत के बाहर विश्व का दूसरा सबसे बड़ा हिन्दू मंदिर किस देश में स्थापित किया गया है ?**
(a) अमेरिका (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) ब्रिटेन (d) रूस

**149. भारत सरकार ने किस तिथि को प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की है ?**
(a) 14 अगस्त (b) 14 जुलाई
(c) 23 अगस्त (d) इनमें से कोई नहीं।

**150. जनवरी, 2024 में जारी हेनले पासपोर्ट इंडेक्स, 2024 में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ ?**
(a) 80 (b) 82
(c) 78 (d) 84

# SOLUTION : PRACTICE SET- 1

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 16. (a) | 31. (d) | 46. (c) | 61. (d) | 76. (a) | 91. (b) | 106.(b) | 121.(a) | 136. (a) |
| 2. (c) | 17. (b) | 32.(b) | 47. (c) | 62. (b) | 77. (d) | 92. (c) | 107.(d) | 122. (d) | 137. (a) |
| 3. (d) | 18.(a) | 33. (b) | 48. (c) | 63. (c) | 78. (b) | 93. (a) | 108. (b) | 123.(b) | 138. (c) |
| 4. (b) | 19. (b) | 34. (b) | 49.(a) | 64. (d) | 79. (b) | 94. (d) | 109. (a) | 124. (a) | 139. (d) |
| 5. (a) | 20.(a) | 35. (c) | 50. (b) | 65. (b) | 80. (c) | 95.(a) | 110. (b) | 125. (b) | 140. (b) |
| 6. (c) | 21. (a) | 36. (c) | 51. (a) | 66. (d) | 81. (a) | 96. (d) | 111. (d) | 126. (c) | 141. (b) |
| 7. (d) | 22. (a) | 37. (c) | 52. (b) | 67.(a) | 82. (d) | 97. (c) | 112. (b) | 127. (c) | 142. (d) |
| 8. (c) | 23. (c) | 38. (a) | 53. (c) | 68. (a) | 83.(c) | 98. (d) | 113.(d) | 128. (c) | 143. (a) |
| 9. (a) | 24. (a) | 39. (a) | 54. (b) | 69. (a) | 84. (a) | 99. (b) | 114. (a) | 129.(c) | 144. (c) |
| 10. (d) | 25. (c) | 40. (c) | 55. (d) | 70. (a) | 85. (c) | 100. (b) | 115. (d) | 130.(c) | 145. (d) |
| 11. (a) | 26. (d) | 41. (b) | 56. (c) | 71. (b) | 86. (a) | 101. (a) | 116. (b) | 131. (d) | 146. (c) |
| 12.(d) | 27. (b) | 42.(c) | 57. (c) | 72. (b) | 87. (d) | 102. (a) | 117. (d) | 132. (b) | 147. (d) |
| 13. (c) | 28. (d) | 43. (b) | 58. (c) | 73. (c) | 88. (b) | 103. (a) | 118. (d) | 133. (c) | 148. (a) |
| 14. (c) | 29. (c) | 44. (a) | 59. (a) | 74. (a) | 89.(b) | 104. (c) | 119. (c) | 134.(d) | 149. (c) |
| 15. (c) | 30.(b) | 45. (d) | 60.(b) | 75. (a) | 90. (a) | 105. (c) | 120. (a) | 135. (a) | 150. (a) |

## SOLUTION

**1.** (d)
कौटिल्य के अर्थशास्त्र में 9 प्रकार के दास बताए गए हैं जिसमें ध्वजाहत, उदर-दास, गृहे-जात, क्रीत, दण्ड-प्रणीत (न्यायिक दंड) दायागत, लब्ध, आत्मविक्रिय एवं आहितक शामिल हैं। इस प्रकार न्यायिक दंड के परिणामस्वरूप कोई व्यक्ति दास हो सकता था। अर्थशास्त्र के अनुसार यदि स्वामी के सम्पर्क से दासी को पुत्र उत्पन्न हो जाये तो दासी तथा उनके पुत्र दोनों को ही दासता से मुक्ति मिल जाएगी किन्तु यह भी ध्यातव्य है कि यदि स्त्री दास का मालिक उस स्त्री से पैदा हुए पुत्र का पिता हो तो उस पुत्र को मालिक के पुत्र होने का कानूनी हक मिलता था।

**2. (c)**
सही सुमेल इस प्रकार है-

| **अभिलेख** | **शासक** |
|---|---|
| नासिक | गौतमीपुत्र |
| हाथीगुम्फा | खारवेल |
| भितरी | स्कंदगुप्त |
| गिरनार | रुद्रदामन प्रथम |
| ऐहोल | पुलकेशिन द्वितीय |

**3. (d)**
धौलावीरा स्थल गुजरात प्रान्त में अवस्थित है। यहाँ के टीलों की खोज डॉ. जे. पी. जोशी ने सर्वप्रथम 1967-68 में की थी, जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारी थे, जबकि इसके उत्खनन का कार्य विस्तृत तौर पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के ही एक अन्य अधिकारी डॉ. आर. एस. बिष्ट के मार्गदर्शन में 1990-91 में किया गया था। यहाँ से सुरक्षा-गृह का प्रमाण प्राप्त हुआ है।

**4. (b)**
सही सुमेल है –

| | |
|---|---|
| A. कुभा | 2. काबुल |
| B. परुष्णी | 3. रावी |
| C. सदानीरा | 1. गंडक |
| D. शुतुद्री | 4. सतलज |

**अन्य वैदिक नदियाँ और उनका आधुनिक नाम–**

| | |
|---|---|
| विपाशा | व्यास |
| वितस्ता | झेलम |
| अस्क्निी | चिनाब |
| सदानीरा | गण्डक |
| सरस्वती | घग्घर-हाकरा |
| क्रुमु | कुर्रम |
| गोमती | गोमल |
| सुवास्तु | स्वात |

**5. (a)**
अनेकान्तवाद एवं स्यादवाद जैन धर्म से तथा शून्यवाद एवं सर्वास्तिवाद बौद्ध धर्म से सम्बन्धित है। अनेकांतवाद एवं स्यादवाद जैन दर्शन के मूल आधार है। अनेकान्तवाद की मान्यता है कि भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से देखने पर सत्य और वास्तविकता भी अलग-अलग समझ आती है। अतः एक दृष्टिकोण से देखने पर पूर्ण सत्य को नहीं जाना जा सकता है।
जैन धर्म का दूसरा सिद्धान्त स्यादवाद है, इस सिद्धान्त को जैन दर्शन की आधारशिला तथा प्राण कहा जाता है। यह किसी वस्तु के गुण को समझने, समझाने और अभिव्यक्त करने का सापेक्षिक सिद्धान्त है। स्याद्वाद ज्ञान की सापेक्षिकता का सिद्धान्त है जिसे सप्तमंगीनय भी कहा जाता है। जैन धर्म में ज्ञान के पाँच प्रकार बताए गए हैं- (1) मति-इन्द्रिय-जनित ज्ञान (2) श्रुति-श्रवण-ज्ञान (3) अवधि-दिव्य ज्ञान (4) मनःपर्याय-अन्य व्यक्तियों के मन-मस्तिष्क का ज्ञान (5) कैवल्य-पूर्ण ज्ञान। यह तीर्थंकरों एवं जितेन्द्रिय आचार्यों को प्राप्त होता है। कैवल्य की अवस्था जैन धर्म में मोक्ष की अवस्था है जिसमें मनुष्य जीवन के आवागमन चक्र से मुक्त हो जाता है तथा वह अनन्त चतुष्टय को प्राप्त करता है। अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्त वीर्य तथा अनन्त सुख को जैन ग्रन्थों में अनन्त चतुष्ट्य कहा गया है। कैवल्य ज्ञान ही पूर्ण ज्ञान है तथा यह निर्वाण की अवस्था है।

**6. (c)**

सही सुमेलित है–

| **महाजनपद** | | **राजधानी** |
|---|---|---|
| अंग | – | चम्पा |
| मगध | – | राजगृह अथवा गिरिब्रिज |
| वज्जि | – | वैशाली, मिथिला |
| काशी | – | वाराणसी |
| कोशल | – | श्रावस्ती (उत्तरी कोशल), कुशावती (द. कोशल) |
| मल्ल | – | पावा (कुशीनगर) |
| वत्स | – | कौशाम्बी |
| कुरू | – | इन्द्रप्रस्थ |
| पांचाल | – | अहिच्छत्र (उ. पांचाल), काम्पिल्य (द. पांचाल) |
| अवन्ति | – | उज्जयिनी (उ. अवन्ति), महिष्मती (द. अवन्ति) |
| शूरसेन | – | मथुरा |
| चेदि | – | सोत्थिवती, शुक्तिमती |
| मत्स्य | – | विराटनगर, बैराठ |
| अश्मक | – | पोतन, बोधन |
| गांधार | – | तक्षशिला |
| कम्बोज | – | राजपुर, हाटक |

**महत्त्वपूर्ण तथ्य :**

1. कलिंग का प्रमुख नगर- दन्तपुर था।
2. सौवीर (सिन्ध) का प्रमुख नगर- रोरूक था। यह व्यापार का प्रमुख केन्द्र था।
3. आधुनिक रूहेलखंड के बरेली, बदायूँ तथा फर्रूखाबाद के जिलों से मिलकर प्राचीन पांचाल महाजनपद बनता था।

**7. (d)**

एरिपत्ति, तनियूर और घटिका चोल शब्दावलियाँ हैं – एरिपत्ति उस भूमि को कहा जाता था जिससे मिलने वाला राजस्व अलग से ग्राम जलाशय के रखरखाव के लिए निर्धारित कर दिया जाता था। घटी अथवा घटिका प्रायः मंदिरों के साथ सम्बद्ध मठ अथवा विद्यालय को कहा जाता था। जब बड़े-बड़े शहर या गाँव एक अलग कुर्रम (ग्राम समूह) बन जाते थे तब उन्हें तनियूर अथवा तंकुरम कहा जाता था जबकि एक अकेले ब्राह्मण अथवा ब्राह्मण समूह को दान में दिए गए ग्राम एकभोग्य/ब्रह्मभोग्य कहलाते थे।

**8. (c)**

त्रिकोणात्मक संघर्ष के रूप में यह संघर्ष गुर्जर-प्रतिहार, पाल वंश एवं राष्ट्रकूट वंश के शासकों के बीच हुआ। कन्नौज उस समय उत्तरी भारत की राजनीति एवं आर्थिक गतिविधियों का केन्द्र था। इस नगर पर अधिकार को लेकर पाल एवं गुर्जर प्रतिहार शासकों के बीच संघर्ष छिड़ा बाद में दक्षिण के राष्ट्रकूट राजा ध्रुव ने इस संघर्ष में हस्तक्षेप किया। अन्त में गुर्जर प्रतिहार वंश के शासकों को सफलता मिली।

**9. (a)**

| **उपर्युक्त सूचियाँ इस प्रकार से सही सुमेलित हैं-** | |
|---|---|
| **दार्शनिक** | **दर्शन** |
| रामानुज | विशिष्टाद्वैत |
| माधवाचार्य | द्वैत |
| निम्बार्क | द्वैताद्वैत |
| वल्लभाचार्य | शुद्धाद्वैत |

**10. (d)**

| औरंगजेब के शासनकाल की उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम- | |
|---|---|
| **(घटनाएँ)** | **(वर्ष)** |
| बनारस के पास शूजा की पराजय | 24 फरवरी, 1658 |
| धरमत में विजय | 15 अप्रैल, 1658 |
| सामूगढ़ की लड़ाई | 29 मई, 1658 |
| देवराई की लड़ाई | 14 अप्रैल, 1659 |

**11. (a)**

सही सुमेलित है–

| **(सूची I)** | | | **(सूची II)** |
|---|---|---|---|
| **(शासक/अधिकारी)** | | | **(कबीला)** |
| (a) | इल्तुतमिश | – | शम्सी |
| (b) | बलबन | – | इल्बरी |
| (c) | जमालुद्दीन याकूत | – | हब्सी |
| (d) | मंगू | – | मंगोल |

**12.(d)**

विजयनगर साम्राज्य की स्थापना सन् 1336 ई. में हरिहर एवं बुक्का नामक दो भाइयों ने की थी, ये दोनों यादव वंशीय शासक राजा संगम के पुत्र थे। संगम वंश ने 1336 ई. से 1485 ई. तक विजयनगर पर शासन किया। 1485 ई. में संगम वंश के अंतिम शासक विरुपाक्ष को अपदस्थ करके सालुव नरसिंह ने गद्दी पर अधिकार कर लिया और सालुव राजवंश की स्थापना की। सालुव राजवंश ने 1485 से 1505 ई. तक शासन किया। सालुव के पुत्र इम्मादि नरसिंह का वध करके वीर नरसिंह ने 1505 में विजयनगर की सत्ता पर अधिकार कर लिया और तुलुव वंश की स्थापना की तुलुव वंश ने 1505 से 1565 ई. तक शासन किया। सबसे बाद में विजयनगर में शासन करने वाला वंश अरवीडु वंश था, जिसने 1570 से विजय नगर के पतन तक शासन किया।

**13. (c)**

दक्कन की बहमनी स्थापत्यकला अपनी विशिष्ट मौलिकता और स्वतंत्र शैली के लिए प्रसिद्ध है। यह दिल्ली सल्तनत और फारस की शैलियों की स्थापत्यकला का मिश्रण है। इस बहमनी स्थापत्यकला में हिन्दू और मुस्लिम दोनों की शैलियों का सामंजस्यपूर्ण सम्बन्ध स्थापित किया गया है।

**14. (c)**

सगुण भक्ति का अर्थ है अपने आराध्य के रूप, गुण तथा आकार की कल्पना कर साकार मानवीय रूप में विश्वास करना। सगुण काव्यधारा में ईश्वर के साकार स्वरूप की लीलाओं का गुणगाान होता है। इसमें विष्णु के अवतारों यथा राम एवं कृष्ण की महिमा का गुणगान हुआ है तथा उन्हीं की आराधना पर केंद्रित है। सगुण भक्ति धारा को वल्लभाचार्य, चैतन्य, मीराबाई, सूरदास आदि प्रमुख संतों ने अपने उपदेशों के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया।

**15. (c)**

सही सुमेलन इस प्रकार है –

| | | |
|---|---|---|
| चिश्ती | – | दिल्ली और दोआब |
| सुहरावर्दी | – | सिन्ध |
| औलिया | – | दिल्ली |
| फिरदौसी | – | बिहार |

**16. (a)**

सही सुमेलन निम्नवत् है–

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| (a) | हकाइक ए हिन्दी | - अब्दुल वाहिद बिलग्रामी |
| (b) | तहजीबुल अखलाक ''औफी'' | - इब्न मिस्काविया |
| (c) | कुंजुल तिजार | - बैलक अल कबायाकी |
| (d) | जवामिउल हिकायात् | - जहीरुद्दीन नस्र मुहम्मद 'औफी' |

**17. (b)**

निम्नलिखित सूचियाँ सही सुमेलित हैं-

| व्यक्ति | सम्बन्धित कार्य/पद |
|---|---|
| डी.के. कर्वे | सचिव, विडो री-मैरिज एसोसिएशन |
| जे.ई.डी. बेथुन | कलकत्ता में कन्या विद्यालय की स्थापना |
| ईश्वर चन्द्र विद्यासागर | कलकत्ता में संस्कृत कॉलेज के प्राचार्य |
| बी.एम. मालाबारी | बाल विवाह के विरुद्ध संघर्ष प्रारम्भ करना |

**18.(a)**

भारत में पुर्तगालियों का प्रथम आगमन वास्कोडिगामा के रुप में 1498 ई० में हुआ। उन्होंने अपना प्रथम कारखाना 1503 ई० में कोचीन में और 1510 में गोवा व 1535 ई० में दीव आदि स्थानों पर अपने कारखाने स्थापित किए। पुर्तगालियों ने 1661 ई० में बम्बई को ब्रिटेन को दहेज के स्वरूप में दे दिया। इसके पहले बम्बई तथा पूर्वी व्यापार पर पुर्तगालियों का एकाधिकार था। मुगलों ने पुर्तगालियों को व्यापारिक छूटें प्रदान की थी।

**19. (b)**

बंगाल में सर्वप्रथम अंग्रेजों को व्यापारिक छूट देने के लिए 1651 ई. में बंगाल के सूबेदार शाहशुजा ने एक फरमान जारी किया जिसमें 3000 रुपये वार्षिक कर की अदायगी के बदले कंपनी को बंगाल, बिहार, उड़ीसा में मुक्त व्यापार करने का विशेषाधिकार प्रदान किया गया। बंगाल के नवाब मुर्शिद कुली खाँ ने अंग्रेज अधिकारियों के निजी व्यापार पर चुंगी लगाना अपना अधिकार समझा और उसने कंपनी को निर्देश दिया कि 'दस्तक' का प्रयोग कंपनी के अधिकारी अपने निजी व्यापार के लिए न करें। ईस्ट इंडिया कंपनी के सेवकों ने भारतीय व्यापारियों को सीमा शुल्क से बचने हेतु दस्तक विक्रय कर दी। अंग्रेजों को विशेष रियायत देने के संदर्भ में अजीमुश्शान से मतभेद हो गया जिसके कारण उसने 18वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में बंगाल की राजधानी ढाका के स्थान पर मुर्शिदाबाद को बनाया।

**20.(a)**

| संधि | वर्ष |
|---|---|
| सूरत की संधि | 1775 ई. |
| पुरन्दर की संधि | 1776 ई. |
| बड़गाँव की संधि | 1779 ई. |
| सालबाई की संधि | 1782 ई. |

**21. (a)**

सर पी.सी. इल्बर्ट जो वायसराय की परिषद् के विधि सदस्य थे, उन्होंने भारतीय एवं यूरोपीय पदाधिकारियों के द्वेष एवं भेदभाव दूर करने की भावना से एक विधेयक पेश किया, जिसे इल्बर्ट बिल की संज्ञा दी जाती है। विधेयक का उद्देश्य ''जाति भेद पर आधारित सभी न्यायिक अयोग्यताएं समाप्त कर भारतीय एवं यूरोपीय न्यायाधीशों को समान शक्तियां करना निहित था।'' जैसे ही यह विधेयक प्रस्तुत किया गया यूरोपीय लोगों ने इसे अपने विशेषाधिकारों पर कुठाराघात मानकर विरोध करना प्रारंभ कर दिया। अपने विशेषाधिकारों की रक्षा हेतु यूरोपीय समुदाय ने एक प्रतिरक्षण संघ बनाया। साथ ही विरोध प्रदर्शन कर कहने लगे कि ''क्या हमारा निर्णय काले लोग करेंगे, क्या वे हमें जेल भेजेंगे, क्या वे हम पर आज्ञा चलाएगें, कभी नहीं।'' इस बिल के कारण लॉर्ड रिपन की भी बहुत निन्दा होने लगी। अंततः यह बिल वापस ले लिया गया।

**22. (a)**

**सही सुमेलित सूची निम्न है–**

| | सूची–1 | | सूची –2 |
|---|---|---|---|
| A. | जोनाथन डंकन | 1. | बनारस का स्थायी बन्दोबस्त |
| B. | थॉमस मुनरो | 2. | रैयतवाड़ी बन्दोबस्त |
| C. | कार्नवालिस | 3. | बंगाल का स्थायी बन्दोबस्त |
| D. | हाल्ट मेकेन्जी | 4. | महलवाड़ी बन्दोबस्त |

**23. (c)**

प्रश्नगत विकल्प (c) सुमेलित नहीं हैं ''अवध इन रिवोल्टः ए स्टड़ी ऑफ पॉपुलर रेजिस्टेंस (1857-1858) पुस्तक के लेखक रुद्रांग्शू मुखर्जी हैं न कि राधा कमल मुखर्जी शेष विकल्प सुमेलित है।

**24. (a)**

1857 के विद्रोह के शुरू होते ही सैनिकों ने लाल किले की तरफ कूच किया तथा बहादुर शाह जफर को अपना नेता घोषित किया, किन्तु बहादुर शाह को अन्य रियासतों के शासकों का सहयोग नहीं मिला तथा स्वयं जनता ने भी उनका साथ नहीं देना चाहा, जिससे विद्रोह असफल हो गया। इसके अतिरिक्त असफलता के निम्नलिखित कारण भी थे- (1) अंग्रेजो के पास अच्छे शस्त्रों एवं कुशल नेतृत्व का होना (2) विद्रोह का केवल उत्तर भारत तक सीमित रहना (3) कुछ भारतीय शासकों द्वारा अंग्रेजों को विद्रोह दबाने में मदद करना (4) संगठन एवं एकता का अभाव (5) निश्चित उद्देश्य का अभाव।

**25. (c)**

प्रार्थना समाज की स्थापना वर्ष 1867 में बम्बई में आत्माराम पाण्डुरंग ने की थी। प्रार्थना समाज ने हिन्दू धर्म में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरूद्ध आवाज उठायी तथा हिन्दू समाज में सुधार करने का प्रयास किया। प्रार्थना समाज का एकेश्वरवाद में गहरा विश्वास था। इसने बाल विवाह, पर्दा प्रथा, बहु विवाह एवं जाति-प्रथा आदि का विरोध किया तथा स्त्री शिक्षा एवं विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित किया। लड़की एवं लड़के की आयु सीमा में वृद्धि हेतु मांग की। प्रार्थना समाज ने अस्पृश्यता की समाप्ति की मांग नहीं की थी। प्रार्थना समाज को लोकप्रिय बनाने का कार्य रानाडे ने किया।

**नोट-** दादोबा पाडुरंग तर्खडकर बंबई के एक समाज सुधारक थे। हालांकि इन्हें मराठी लोगों में दादोबा पाडुरंग के नाम से जाना जाता था। ये प्रार्थना समाज से जुड़े थे।

**26. (d)**

ब्रह्म समाज की स्थापना राजा राम मोहन राय ने 1828 ई. में कलकत्ता में की थी। मानव धर्म सभा की स्थापना 1844 ई. को सूरत में हुई थी। आर्य समाज की स्थापना दयानन्द सरस्वती द्वारा 1875 ई. में मुम्बई में तथा नदवा-उल-उल्मा की स्थापना लखनऊ में की गई थी।

**27. (b)**

बंगाल में एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स के कार्यकाल में 1784 ई. में सर विलियम जोंस ने की थी। हेस्टिंग्स ने विलियम जोंस के पक्ष में संस्था की अध्यक्षता के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। वारेन हेस्टिंग्स (1772 - 1785 ई.) बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल था। वह एक प्राच्य विद्वान था, जो प्राच्य विद्या का प्रखर समर्थक तथा संस्कृत, उर्दू और फारसी के अध्ययन को प्रोत्साहित किया था। कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है परन्तु कारण (R), कथन (A) की व्याख्या नहीं करता है, क्योंकि वारेन हेस्टिंग्ज विलियम जोन्स की योग्यता एवं विद्वता का सम्मान करता था।

**28. (d)**

वर्ष 1875 में बंगाल में शिशिर कुमार घोष ने इंडिया लीग की स्थापना की, जिसका उद्देश्य था भारतीयों में राष्ट्रवाद की भावना को जगाना तथा राजनीतिक शिक्षा को प्रोत्साहित करना था। इंडियन एसोसिएशन की स्थापना 26 जुलाई, 1876 को सुरेन्द्र नाथ बनर्जी ने आनन्द मोहन बोस के सहयोग से किया था। भारतीय उदार संघ (इंडियन लिबरल एसोसिएशन) की स्थापना सुरेन्द्र नाथ बनर्जी ने की थी। अंग्रेजों के प्रति निष्ठा व्यक्त करने के उद्देश्य से सैयद अहमद खां ने यूनाइटेड इंडिया पैट्रियाटिक एसोसिएशन की स्थापना की थी।

**29. (c)**

ए.ओ. ह्यूम द्वारा संस्थापित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम बैठक 28-31 दिसम्बर, 1885 को मुम्बई में गोकुल दास तेजपाल संस्कृत विद्यालय परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता व्योमेश चन्द्र बनर्जी (W.C. Benergy) ने की।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दूसरा अधिवेशन कलकत्ता में 1886 में हुआ। जिसकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की। इस अधिवेशन में सुरेन्द्रनाथ बनर्जी की नेशनल कांफ्रेंस का कांग्रेस में विलय हो गया।

1906 में ढाका में नवाब सलीमउल्ला द्वारा मुस्लिम लीग के गठन के बाद साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ने लगा। मदनमोहन मालवीय एवं श्रीमती एनी बेसेन्ट के प्रयास से 1916 ई. में लखनऊ में कांग्रेस एवं मुस्लिम लीग का संयुक्त अधिवेशन हुआ। इसकी अध्यक्षता अम्बिका चरण मजूमदार ने की। इसमें पारित प्रस्ताव को लखनऊ पैक्ट के नाम से जाना जाता है प्रस्ताव के तहत मुस्लिम लीग के साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व की मांग को स्वीकार कर लिया गया।

**30.(b)**

भारतीय संविधान को 22 भागों और 395 अनुच्छेदों में बाँटा गया है। संविधान के भागों का सही सुमेलन निम्नलिखित है-

| (संविधान के भाग) | (विषय) |
|---|---|
| भाग-1 | संघ तथा उसका राज्य क्षेत्र |
| भाग-2 | नागरिकता |
| भाग-3 | मौलिक अधिकार |
| भाग-4 | राज्य की नीति के निदेशक तत्व |
| भाग-4A | मौलिक कर्तव्य |

**31. (d)**

भारत के संविधान के अनुच्छेद 88 के अनुसार भारत का महान्यायवादी संसद के किसी भी सदन, सदनों की किसी संयुक्त बैठक में और संसद की किसी समिति में, जिसमें उसका नाम सदस्य के रूप में दिया गया है, भाग ले सकता है व बोल सकता है, हालांकि उसे मतदान का अधिकार नहीं होगा। वहीं भारत का सॉलिसिटर जनरल, भारत के महान्यायवादी के दायित्वों के निर्वहन में सहयोग प्रदान करता है। सालिसिटर जनरल को संसद की बैठकों में भाग लेने की अनुमति नहीं है। अतः कथन 1 गलत है।

- संविधान में महान्यायवादी के कार्यकाल व पद से हटाने की मूल व्यवस्था का उल्लेख नहीं है। अनु. 76(4) के अनुसार वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण करता है। अर्थात् राष्ट्रपति उसे कभी भी पद से हटा सकता है। परंपरानुसार मंत्रिपरिषद् के त्यागपत्र देने पर या बदलने पर महान्यायवादी त्यागपत्र देता है, क्योंकि उसकी नियुक्ति सरकार की सिफारिश पर की जाती है।

**32.(b)**

संसदात्मक सरकार–सामूहिक उत्तरदायित्व; अध्यक्षात्मक सरकार–शक्ति पृथक्करण; संघात्मक शासन व्यवस्था–शक्तियों का विभाजन तथा एकात्मक शासन व्यवस्था–शक्तियों का केन्द्रीकरण। संसदात्मक सरकार तथा एकात्मक शासन व्यवस्था का सबसे अच्छा उदाहरण ग्रेट ब्रिटेन है तथा संघात्मक शासन और अध्यक्षात्मक सरकार का सबसे अच्छा उदाहरण संयुक्त राज्य अमेरिका है।

**33. (b)**

संविधान के अनुच्छेद 1 में भारत को 'राज्यों का संघ' के रूप में स्वीकार किया गया है। संघीय ढाँचें के अलावा भारतीय संविधान में एकात्मक या गैर-संघीय तत्व भी विद्यमान हैं। यथा; सशक्त केन्द्र, एकल संविधान, आपातकालीन उपबंध, एकल नागरिकता, एकीकृत न्यायपालिका आदि। भारतीय संविधान में केन्द्र और राज्य दोनों के लिए सरकार के संसदीय स्वरूप को अपनाया गया है।

**34. (b)**

भारतीय संविधान में विश्व के संविधानों से प्रेरणा ली गई है **विधि के समक्ष समता- ग्रेट ब्रिटेन**, **विधि का समान संरक्षण - अमेरिका**, **विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया-जापान**, **शैक्षणिक संस्थाओं के लिए राज्य द्वारा अनुदान - आयरलैण्ड**। समवर्ती सूची को ऑस्ट्रेलिया के संविधान से लिया गया है जबकि नीति-निर्देशक तत्वों को आयरलैंड के संविधान से लिया गया है।

**35. (c)**

सही सुमेलित हैं–

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | मूल कर्त्तव्य | – | भाग–IVक |
| B. | राज्य | – | भाग–VI |
| C. | भारत के राज्य क्षेत्र के भीतर व्यापार, वाणिज्य और समागम | – | भाग–XIII |
| D. | संघ और राज्य के अधीन सेवाएं | – | भाग–XIV |

अतः स्पष्ट है कि विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है। भारत के महान्यायवादी का वर्णन संविधान के अनु. 76 में किया गया है, जो भाग–5 के अंतर्गत आता है।

**36. (c)**

संविधान के अनुच्छेद 18 में उपाधियों के अंत का उपबन्ध है। **अनुच्छेद 15** में धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध करने का उपबन्ध है।

**37. (c)**

| | |
|---|---|
| अनुच्छेद 15 | धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध |
| अनुच्छेद 20 | बंदी के विरुद्ध सुरक्षा |
| अनुच्छेद 25 | धर्म की स्वतंत्रता |
| अनुच्छेद 32 | संवैधानिक उपचार |

**38. (a)**

**अनुच्छेद 215**–उच्च न्यायालय एक अभिलेखीय न्यायालय होगा और उसे अपनी अवमानना के लिए दंड का अधिकार होगा।

**अनुच्छेद 222** – किसी न्यायाधीश का एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में अंतरण।

**अनुच्छेद 226** – उच्च न्यायालय को मौलिक अधिकारों से संबंधित बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, अधिकार पृच्छा एवं उत्प्रेषण निकालने का अधिकार है।

**अनुच्छेद 227** – सभी न्यायालयों की अधीक्षण की उच्च न्यायालय की शक्ति।

**39. (a)**

**अनुच्छेद-16** (2)—राज्य के अधीन किसी नियोजन या पद के सम्बन्ध में केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, उद्भव, जन्म-स्थान, निवास के आधार पर भेदभाव नहीं।

**अनुच्छेद-29** (2)—राज्य द्वारा घोषित या राज सहायता वाले शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश पर नागरिकों के साथ केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं।

**अनुच्छेद-30** (1)—धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी रुचि के शिक्षण संस्थान स्थापित करने की स्वतन्त्रता।

**अनुच्छेद-31** (1)—किसी व्यक्ति को कानूनी तरीके से ही सम्पत्ति से वंचित किया जा सकता है अन्यथा नहीं।

**40. (c)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 30 के अंतर्गत शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन करने का अल्पसंख्यक वर्गों का अधिकार है। अनुच्छेद 30 (1) के अनुसार धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी रुचि की शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन का अधिकार होगा। अनुच्छेद 30 (2) के अनुसार शिक्षा संस्थाओं को सहायता देने में राज्य किसी शिक्षा संस्था के विरुद्ध इस आधार पर विभेद नहीं करेगा कि वह धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबंध में है। केंद्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यक वर्गों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का 15 प्वाइंट कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।

**41. (b)**

राष्ट्रपति भारत का संवैधानिक प्रधान होता है जो अप्रत्यक्ष निर्वाचन से चुना जाता है। **अनुच्छेद 54** के अनुसार राष्ट्रपति का निर्वाचन ऐसे निर्वाचक मण्डल द्वारा किया जायेगा, जिसमें संसद (लोकसभा और राज्य सभा) तथा राज्य विधानमण्डल के निर्वाचित सदस्य शामिल होंगे। राष्ट्रपति के निर्वाचक मण्डल में संसद के मनोनीत सदस्य, राज्य विधान मण्डलों के मनोनीत सदस्य तथा राज्य विधान परिषदों के सदस्य (निर्वाचित एवं मनोनीत दोनों) शामिल नहीं किये जाते हैं।

**नोट- 70वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992** द्वारा दिल्ली और पुदुचेरी विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों को राष्ट्रपति के चुनाव में भाग लेने की अनुमति मिली।

**42.(c)**

सही सुमेल है –

| | |
|---|---|
| फखरुद्दीन अली अहमद | 1974-77 |
| एन. संजीव रेड्डी | 1977-82 |
| डॉ. जाकिर हुसैन | 1967-69 |
| वी. वी. गिरि | 1969-74 |

**43. (b)**

**अनुच्छेद-103(1)** के तहत यदि प्रश्न उठता है कि संसद के किसी सदन का कोई सदस्य अनुच्छेद 102 के खण्ड (1) में वर्णित किसी **निरर्हता** से ग्रस्त हो गया है या नहीं तो वह प्रश्न राष्ट्रपति को विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जायेगा और उसका विनिश्चय अंतिम होगा। अनुच्छेद 103 (2) के अनुसार ऐसे किसी प्रश्न पर विनिश्चय करने के पहले **राष्ट्रपति निर्वाचन आयोग** की राय लेगा और ऐसी राय के अनुसार कार्य करेगा।

**44. (a)**

राष्ट्रपति का अप्रत्यक्ष चुनाव, संविधान में परिकल्पित सरकार की संसदीय व्यवस्था के साथ सद्भाव रखता है। इस व्यवस्था में राष्ट्रपति केवल नाममात्र का कार्यकारी होता है तथा मुख्य शक्तियाँ प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले मंत्रिमण्डल में निहित होती हैं। यह उचित नहीं होता, यदि राष्ट्रपति का प्रत्यक्ष चुनाव होता और उसे वास्तविक शक्तियाँ न दी जातीं।

**45. (d)**

राष्ट्रपति के ऊपर महाभियोग की प्रक्रिया अपनाई जाती है (अनुच्छेद 61) जबकि राज्यपाल राष्ट्रपति के **प्रसाद पर्यंत** अपने पद पर बना रहता है।

**46. (c)**

भारत की संसद के संबंध में कथन (c) गलत है क्योंकि मंत्रिमण्डल का सदस्य लोक सभा और राज्य सभा दोनों में से किसी एक का भी सदस्य हो सकता है और दोनों सदनों का सदस्य न होने पर भी कोई व्यक्ति मंत्रिमण्डल का सदस्य हो सकता है, बशर्ते उसे मंत्री पद धारण करने के पश्चात **6 माह** के भीतर दोनों सदनों में से किसी एक का सदस्य बनना होगा अन्यथा उसका मंत्री पद अवैध हो जायेगा।

**47. (c)**

भारत सरकार अधिनियम, 1919 द्वारा केंद्र में एक सदनीय विधान परिषद के स्थान पर दो सदन वाले विधान मण्डल की स्थापना की गई। दोनों सदनों के नाम केंद्रीय विधान सभा तथा राज्य परिषद था। अब केंद्रीय विधायिका के तीन अंग थे – गवर्नर जनरल, राज्य परिषद तथा केंद्रीय विधान सभा। इसी के मूल में राज्य सभा को खोजा जा सकता है। संविधान का अनुच्छेद 249(1) यह उपबन्ध करता है कि यदि राष्ट्रीय हित में आवश्यक हो तो राज्य सूची के किसी विषय के बाबत संघ अस्थायी विधान बना सकता है। इस विषय में संविधान ने राज्य सभा को विशेष भूमिका प्रदान की है।

**48. (c)**

लोक सभा की कुल निर्वाचित सदस्यता राज्यों में राज्य की जनसंख्या और क्षेत्रफल के आधार पर वितरित है। लोक सभा भारतीय संसद का निम्न सदन है। भारतीय संविधान के 84वें संशोधन अधिनियम ने 42वें संशोधन द्वारा लगाए गये निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर लगी रोक को हटा दिया। संविधान संशोधन के बाद 2009 में लोकसभा चुनाव नए परिसीमन कानून के आधार पर हुए थे।

**49.(a)**

**प्रवर समिति**- बिल की खंडशः संवीक्षा करती है और परिवर्तनों का सुझाव देती है। **लोक लेखा समिति- सरकारी पैसा** सही ढंग से खर्च हुआ है या नहीं, इसकी परीक्षा करती है। **कार्य सलाहकार समिति- विभिन्न विषयों** पर चर्चा के लिए समय का विनिधान करती है। **प्राक्कलन समिति- बजट में** विभागीय व्यय की जांच करती है।

**50. (b)**
भारत के राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल की नियुक्ति की जाती है। **अनुच्छेद 157** के अनुसार किसी भी व्यक्ति को राज्यपाल के पद पर नियुक्त होने के लिए निम्न अर्हताएं होनी चाहिए-
- वह भारत का नागरिक हो।
- 35 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो।

सामान्य रूप से राज्यपाल का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है। राष्ट्रपति किसी भी समय राज्यपाल को उसके पद से पदच्युत कर सकता है। वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है। राज्यपाल को **जन्म से** भारत का नागरिक होना आवश्यक नहीं है। किसी राज्य अथवा संघ सरकार के अंतर्गत लाभ का पद धारण न करता हो। वह संसद के किसी सदन का या किसी राज्य के विधानमंडल के किसी सदन का सदस्य नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा है तो राज्यपाल बनने पर उसी तिथि से उसकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी।

**51. (a)**
भारत के संविधान के अनुसार, कोई भी ऐसा व्यक्ति जो मतदान के लिए योग्य है, वह किसी राज्य में छः माह हेतु मंत्री बनाया जा सकता है। किन्तु छः माह के उपरान्त उसे राज्य के विधानमंडल की सदस्यता लेना अनिवार्य होगा। अन्यथा उसे अपने पद से त्यागपत्र देना होगा।
जन **प्रतिनिधित्व अधिनियम** की धारा 8(3) के अनुसार यदि कोई व्यक्ति किसी अपराध का दोषी है तथा उसे 2 वर्ष या उससे अधिक की सजा दी गई, तो वह जेल से छूटने के **6 वर्षों** बाद **तक चुनाव लड़ने** के लिए अपात्र होगा।

**52. (b)**
सही मिलान निम्नलिखित है-

| **सूची-I (संशोधन)** | | **सूची-II (विषय)** |
|---|---|---|
| पहला संशोधन | - | नौवीं सूची |
| 44वाँ संशोधन | - | सम्पत्ति का अधिकार |
| 86वाँ संशोधन | - | शिक्षा का अधिकार |

103 वाँ संशोधन - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण
* 103वाँ संविधान संशोधन अधिनियम 2019 के तहत आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को सरकारी सेवाओं तथा शिक्षण संस्थाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया, जिसके अन्तर्गत अनुच्छेद 15 तथा अनुच्छेद 16 में संशोधन करके क्रमशः दोनो में ही नया खण्ड 6 अन्तः स्थापित किया गया है।

**53. (c)**
**53वां** संविधान संशोधन अधिनियम, 1986 द्वारा अनुच्छेद 371G जोड़कर मिजोरम को राज्य का दर्जा दिया गया। **61वां** संविधान संशोधन अधिनियम, 1989 द्वारा मताधिकार की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष किया गया। **74वां संविधान** संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा त्रिस्तरीय नगर पालिकाओं का गठन और **79वां** संविधान संशोधन अधिनियम, 1999 द्वारा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा एंग्लो-इण्डियन्स के लिए लोकसभा में और राज्यों की विधान सभाओं में आरक्षण दस वर्ष के लिए बढ़ाया गया।

**54.** (b)
उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ के रूमी दरवाजा ऐतिहासिक स्मारक से जुड़वा मछली का राजचिह्न अंगीकार किया है। रूमी दरवाजा लखनऊ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। इसका निर्माण नवाब आसफउद्दौला ने 1784 ई. में करवाया।

**55. (d)**
चित्रांगुडी पक्षी अभयारण्य तमिलनाडु व उधवा पक्षी अभयारण्य झारखंड में स्थित है। पटना पक्षी अभयारण्य उत्तर प्रदेश के एटा जिले व जय प्रकाश नारायण पक्षी अभयारण्य (सुरहा ताल) बलिया जिले में स्थित है।

**56. (c)**
सही सुमेल इस प्रकार है –

| **नगर/कस्बा** | **नदी** |
|---|---|
| बिठूर | गंगा |
| गोरखपुर | राप्ती |
| जौनपुर | गोमती |
| कौशाम्बी | यमुना |

**नोट-** गंगा प्रदेश के 28 जिलों से होकर बहती है तथा यमुना 19 जिलों से होकर बहती है।

**57. (c)**
प्रश्नगत कथन (1), (2) और (4) सत्य है जबकि कथन (3) असत्य है क्योंकि चीनी मिलों की सर्वाधिक संख्या महाराष्ट्र में है न कि उत्तर प्रदेश में। चीनी मिलों की संख्या के अनुसार उत्तर प्रदेश का महाराष्ट्र के बाद दूसरा स्थान है। उल्लेखनीय है कि भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ में अवस्थित है।

**58. (c)**
सही सुमेलन इस प्रकार है-

| **सूची-I (औद्योगिक संस्थान)** | | **सूची-II (नगर)** |
|---|---|---|
| इण्डियन टेलीफोन इन्डस्ट्रीज | - | रायबरेली |
| ट्रान्सफॉर्मर फैक्टरी | - | झांसी |
| कृत्रिम अंग निर्माण निगम | - | कानपुर |
| उर्वरक कारखाना | - | फूलपुर |

**59. (a)**
उत्तर प्रदेश में 'एक जनपद एक उत्पाद योजना' के आधार पर निम्नलिखित युग्म का सही सुमेल इस प्रकार है-

| **जिला** | | **उत्पाद** |
|---|---|---|
| बागपत | - | होम फर्निशिंग/गुड्स |
| अमेठी | - | मूंज के उत्पाद |
| आगरा | - | चर्म उत्पाद |
| गौतम बुद्ध नगर | - | रेडीमेड कपड़े |

**नोट :** लकड़ी का खिलौना मुख्यतः चित्रकूट क्षेत्र का है।

**60.(b)**
**व्याख्या–**

| **सूची-I (खनिज)** | **सूची-II (प्राप्ति के प्रमुख स्रोत)** |
|---|---|
| ग्रेनाइट | बाँदा |
| डोलोमाइट | सोनभद्र |
| सिलिका सैंड | प्रयागराज |
| बॉक्साइट | चित्रकूट |

**61. (d)**
भारत के संदर्भ में निम्नलिखित कथन सही हैं-
- ■ भारत विश्व का सातवां सबसे बड़ा (क्षेत्रफल के अनुसार) देश है।
- ■ संसार का लगभग 2.4% क्षेत्र भारत के अंतर्गत आता है।
- ■ कर्क रेखा ($23\frac{1}{2}°$ उत्तरी अक्षांश) भारत के बीच से गुजरती है, जो देश को दो बराबर भागों में बांटती है। यह रेखा भारत के 8 राज्यों गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा एवं मिजोरम से होकर गुजरती है।
- ■ भारत पूर्णतया उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। द्वीपों सहित इसका अक्षांशीय विस्तार 6°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी अक्षांश, तक तथा देशान्तरीय विस्तार 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पूर्वी देशांतर के मध्य है। इस प्रकार भारत का विस्तार उष्ण एवं उपोष्ण दोनों कटिबंधों में है।

**62.** (b)
सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **(आर्द्रभूमि/झील)** | | **(अवस्थिति)** |
|---|---|---|
| होकेरा आर्द्रभूमि | - | जम्मू एवं कश्मीर |
| रेणुका आर्द्रभूमि | - | हिमाचल प्रदेश |
| रुद्रसागर झील | - | त्रिपुरा |
| संस्थाम्कोत्ता झील | - | केरल |

अतः युग्म 2 एवं 3 सही सुमेलित हैं इसलिए विकल्प (b) सही है।

**63. (c)**
भारतीय समय ग्रीनविच से 5.30 घंटे आगे है देश का मानक समय $82^0 30'$ पूर्वी (E) देशान्तर है। चूँकि देश पूर्वी (अरूणाचल प्रदेश) और पश्चिमी (गुजरात) के बीच में 2 घण्टे का अन्तर है, तो जब अरुणाचल प्रदेश में 5 बजे सुबह होगा तो गुजरात में यह समय 7.00 बजे सुबह होगा।

**64. (d)**
1974 ई. में सिक्किम को 35वें संविधान संशोधन द्वारा सहराज्य के रूप में भारत का अंग बनाया गया तथा 36वें संविधान संशोधन 1975 द्वारा यह भारत का पूर्ण राज्य बन गया। यहां के मुख्य निवासी लेप्चा लोग हैं। इसे 'प्राकृतिक वनस्पतियों का स्वर्ग' माना जाता है तथा यह भारत का पहला पूर्ण जैविक कृषि करने वाला राज्य है।

**65. (b)**
प्रश्नगत भारत की पर्वत श्रेणियों का उनकी अवस्थिति के अनुसार उत्तर से दक्षिण क्रम निम्न प्रकार है-
के–2 कश्मीर (वर्तमान में लद्दाख) $\rightarrow$ नन्दा देवी (उत्तराखण्ड) $\rightarrow$ डोडाबेट्टा (तमिलनाडु) $\rightarrow$ अनाईमुडी (केरल)।

**66. (d)**
सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है।

| **सूची-I (भारत के राज्य)** | | **सूची-II (सबसे ऊँची चोटी/पर्वत)** |
|---|---|---|
| तमिलनाडु | - | डोडा बेट्टा चोटी |
| राजस्थान | - | गुरुशिखर चोटी |
| नागालैण्ड | - | सारामती चोटी |
| मध्य प्रदेश | - | धूपगढ़ चोटी |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**67.(a)**
दक्षिण भारत की निम्नलिखित पहाड़ियों को उत्तर से दक्षिण का क्रम - नल्लामलाई $\rightarrow$ नीलगिरि $\rightarrow$ अन्नामलाई $\rightarrow$ कॉर्डिमम

**68. (a)**
सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **सूची-I (दोआब)** | | **सूची-II (नदियाँ)** |
|---|---|---|
| बिस्ट दोआब | - | व्यास तथा सतलज के मध्य |
| बारी दोआब | - | रावी तथा व्यास के मध्य |
| रचना दोआब | - | रावी तथा चिनाब के मध्य |
| चाज दोआब | - | चिनाब तथा झेलम के मध्य |
| सिंध सागर दोआब | - | झेलम, चेनाब एवं सिंधु के बीच |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**69. (a)**
नदी अपहरण हिमालय की नदियों का एक प्रमुख गुण है इसका सर्वोत्तम उदाहरण तिस्ता नदी है जो पहले गंगा की सहायक नदी थी परन्तु 1787 के आकस्मिक बाढ़ में तिस्ता नदी अपना मार्ग बदलकर वर्तमान में ब्रम्हपुत्र की सहायक नदी है। तिस्ता नदी ब्रम्हपुत्र की सबसे पश्चिमी दाहिनी तट की सहायक नदी है जो कंचनजंघा से निकलकर दार्जिलिंग की पहाड़ियों से प्रवाहित होते हुए आगे बढ़ती है जिसमें रांगपों, रंगीत तथा सेबक जैसी सहायक नदियाँ आकर मिलती हैं। अतः स्पष्ट है कि (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**70. (a)**
यमुना नदी यमुनोत्री से निकलती है एवं प्रयागराज में गंगा नदी में मिल जाती है। इसकी सहायक नदियों का पश्चिम से पूर्व क्रम इस प्रकार है- चम्बल $\rightarrow$ सिन्ध $\rightarrow$ बेतवा $\rightarrow$ केन।

**71. (b)**
**सही सुमेलित क्रम इस प्रकार है-**

| **(नदी)** | **(सहायक नदी)** |
|---|---|
| गोदावरी | पेनगंगा |
| महानदी | शिवनाथ |
| दामोदर | बराकर |
| कावेरी | भवानी |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**72. (b)**
सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **(आर्द्रभूमि/झील)** | | **(अवस्थिति)** |
|---|---|---|
| होकेरा आर्द्रभूमि | - | जम्मू एवं कश्मीर |
| रेणुका आर्द्रभूमि | - | हिमाचल प्रदेश |
| रुद्रसागर झील | - | त्रिपुरा |
| संस्थाम्कोत्ता झील | - | केरल |

अतः युग्म 2 एवं 3 सही सुमेलित हैं इसलिए विकल्प (b) सही है।

**73. (c)**
सही सुमेलित युग्म इस प्रकार हैः–

| **(पर्वतीय दर्रा)** | | **(राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश)** |
|---|---|---|
| माना | – | उत्तराखण्ड |
| नाथुला | – | सिक्किम |
| जोजिला | – | जम्मू एवं कश्मीर (वर्तमान में लद्दाख) |
| शिपकीला | – | हिमाचल प्रदेश |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**74. (a)**
पंजाब एवं निकटवर्ती हिमालय के क्षेत्रों में अरब सागर की धारा बंगाल की खाड़ी की धारा में मिल जाती है। भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून दो शाखाओं (अरब सागर की धारा व बंगाल की खाड़ी की धारा) में विभाजित होकर प्रविष्ट होती है। दोनों शाखाओं (धारायें) पंजाब व निकटवर्ती पश्चिमी हिमालय के क्षेत्रों में मिलती हैं लेकिन इस समय तक ये दोनों ही धाराओं की आर्द्रता क्षीण हो चुकी होती है। भारत में मानसून आरम्भ होने के बाद बीच-बीच में हफ्तों तक वर्षा नहीं होती जिससे विराम या शुष्क मौसम दशायें उत्पन्न हो जाती हैं अर्थात् वर्षा की परिवर्तिता मानसून की विशेषता है।

**75. (a)**
सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **(मैंग्रोव स्थल)** | | **(अवस्थिति)** |
|---|---|---|
| कोरिंगा | – | आन्ध्र प्रदेश |
| वेम्बनाड | – | केरल |
| पुलीकट | – | तमिलनाडु |
| विक्रोली | – | महाराष्ट्र |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**76. (a)**
काली मिट्टी को स्थानीय रूप से 'रेगुर' व कपास की मिट्टी तथा अन्तर्राष्ट्रीय रूप से 'उष्ण कटिबन्धीय चरनोजम' कहा जाता है।

इसका विस्तार देश के 15.2% के भू-क्षेत्र पर है। यह भारतीय मृदा का तृतीय विशालतम वर्ग है। इनमें जल धारण करने की क्षमता सर्वाधिक होती है अतः ये मिट्टी जल से संतृप्त होने पर चिपचिपी हो जाती है और सूखने पर इनमें गहरी दरारें पड़ जाती है। ये मिट्टियाँ सामान्यतः लोहे, चूने, कैल्शियम, पोटाश, एल्यूमिनियम तथा मैग्नीशियम कार्बोनेट से समृद्ध होती है जबकि इनमें नाइट्रोजन, फास्फोरस तथा जैविक पदार्थों की कमी होती है। ये मिट्टी कपास, तूर, गन्ना, सोयाबीन, गेहूँ, ज्वार आदि की खेती के लिए उपयुक्त होती हैं।

**77. (d)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है -

| **नदी घाटी परियोजना** | | **नदी** |
|---|---|---|
| रिहन्द परियोजना | - | रिहन्द |
| नागार्जुन सागर परियोजना | - | कृष्णा |
| पोचमपाद परियोजना | - | गोदावरी |
| माताटीला परियोजना | - | बेतवा |
| अलमट्टी परियोजना | - | कृष्णा |
| मैटूर परियोजना | - | कावेरी |
| पापनाशम परियोजना | - | ताम्रपर्णी |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**78. (b)**

सुमेलित युग्म इस प्रकार हैं-

| | | |
|---|---|---|
| लोअर सिलेरू | - | आन्ध्र प्रदेश |
| नागार्जुन सागर | - | आन्ध्र प्रदेश |
| कोयना | - | महाराष्ट्र |
| पोंग | - | हिमाचल प्रदेश |

**79. (b)**

मंगल एवं बृहस्पति ग्रह की कक्षाओं के बीच कुछ छोटे-छोटे आकाशीय पिण्ड हैं जो सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, उसे क्षुद्रग्रह कहते हैं। खगोलशास्त्रियों के अनुसार ग्रहों के विस्फोट के फलस्वरूप टूटे टुकड़ों से क्षुद्रग्रह का निर्माण हुआ है। सौरमण्डल के छोर पर बहुत ही छोटे-छोटे पिण्ड विद्यमान हैं जो धूमकेतु या पुच्छल तारे कहलाते हैं। यह गैस एवं धूल का संग्रह है, जो आकाश में लम्बी चमकदार पूँछ सहित प्रकाश के चमकीले गोले के रूप में दिखाई देते हैं जो सौर्यिक चुम्बकीय क्षेत्र से उत्पन्न विद्युत चुम्बकीय बल एवं सौर्यिक हवाओं के कारण सूर्य के विपरीत दिशा में रहते हैं।

**80. (c)**

ग्लोब या मानचित्र पर पश्चिम से पूर्व दिशा में खींची रेखायें, जो समान अक्षांशीय कोण वाले स्थानों को मिलाती हैं, अक्षांश रेखायें कहलाती हैं। ये वास्तव में रेखायें न होकर वृत्त हैं। उत्तरी ध्रुव तथा दक्षिणी ध्रुव के मध्य से समान दूरी पर खींची गयी काल्पनिक रेखा को विषुवत वृत्त या 0° अक्षांश कहते हैं। ये अक्षांश रेखायें 0° (विषुवत वृत्त) से 90° (उत्तरी व दक्षिणी ध्रुव) तक विषुवत रेखा के समानान्तर संकेन्द्रीय वृत्त बनाती है। विषुवत वृत्त के उत्तर में स्थित अक्षांश रेखायें, उत्तरी अक्षांश तथा दक्षिण में स्थित अक्षांश रेखायें, दक्षिणी अक्षांश कहलाती हैं।

**81. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **देश** | | **पुराना नाम** |
|---|---|---|
| बेनिन | — | दाहोमे |
| बेलिज | — | ब्रिटिश होण्डुरास |
| बोत्सवाना | — | बेचुआनालैण्ड |
| मलावी | — | न्यासालैण्ड। |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**82. (d)**

साहेल अफ्रीका महाद्वीप का एक अर्द्ध-क्षेत्र है जो पूर्व सेनेगल से इरिट्रिया (अटलांटिक महासागर से लाल सागर तक) तक विस्तारित है। यह उत्तर में सहारा रेगिस्तान और दक्षिण में आर्द्र सवाना के बीच एक संक्रमणकालीन क्षेत्र है। इस क्षेत्र में शामिल अन्य देश-मॉरिटानिया, माली, गैम्बिया, नाइजर, नाइजीरिया, बुर्कीनाफासो, कैमरून व सेंट्रल अफ्रीका हैं।

**83.(c)**

**आग्नेय शैल–**ज्वालामुखी उद्गार के समय भू-गर्भ से निकलने वाला लावा ही धरातल पर जमकर ठण्डा हो जाने के पश्चात् आग्नेय शैलों में परिवर्तित हो जाता है। इन्हें प्राथमिक शैल भी कहा जाता है। इनमें जीवाश्म नहीं पाये जाते। इनके उदाहरण हैं–ग्रेनाइट, बेसाल्ट, पेग्माटाइट, डायोराइट, गैब्रो आदि।

**अवसादी शैल–**चट्टान-चूर्ण के एकत्र होकर नीचे जमा होते जाने से ही अवसादी शैल का निर्माण होता है। इसमें जीवाश्म पाये जाते हैं। इसके उदाहरण हैं–कोयला, खड़िया, डोलोमाइट, चूना पत्थर आदि।

**84. (a)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|
| **(मरुस्थल)** | | **(अवस्थिति)** |
| सिम्पसन मरुस्थल | – | ऑस्ट्रेलिया |
| काराकुम मरुस्थल | – | तुर्कमेनिस्तान |
| सिचुरा | – | पेरु |
| नेगेव | – | इज़रायल |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**85. (c)**

सही सुमेलन युग्म इस प्रकार है –

| **ज्वालामुखी** | | **देश** |
|---|---|---|
| सबनकाया | – | पेरू |
| माउण्ट एटना | – | इटली |
| कोलिमा | – | मैक्सिको |
| मेरापी | – | इंडोनेशिया |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**86. (a)**

यूफ्रेट्स (फरात) दक्षिण पश्चिम एशिया की सबसे लम्बी नदी है। यह तुर्की के अर्मेनियाई उच्च भूमि (टौरस पहाड़ी) से उत्पन्न होकर सीरिया व इराक में बहती है। यह बसरा नामक स्थान पर (दजला) नदी से मिलती है और फारस की खाड़ी में विलीन हो जाती है।

**87. (d)**

सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **नदी** | | **शहर** |
|---|---|---|
| शत अल अरब | – | बसरा |
| पराग्वे | – | असुन्सियन |
| नाइजर | – | निआमी |
| डेन्यूब | – | वियना |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**88. (b)**

हिन्द महासागर नौसैनिक परिसंवाद (IONS) का प्रारंभ 14-16 फरवरी 2008 में भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुआ था। यह मुख्यतः एक स्वैच्छिक पहल है जिसका प्रयोजन क्षेत्रीय दृष्टि से प्रासंगिक समुद्री मुद्दों पर विचार-विमर्श का एक समावेशी एवं खुला मंच उपलब्ध कराना है। हिन्द महासागर नौसैनिक परिसंवाद (IONS) में 24 राष्ट्र शामिल है जो हिन्द महासागर क्षेत्र की सीमा पर मौजूद है तथा 8 पर्यवेक्षक देश शामिल हैं।

**89.(b)**
**एल-निनों** - एल-निनों पूर्वी प्रशान्त महासागर में पेरू तट के निकट गर्म जल धारा के रूप में प्रकट होती है, यह भू-मध्य रेखीय उष्ण (गर्म) समुद्री धारा का विस्तार मात्र है, जो अस्थायी रूप से ठंडी पेरू धारा अथवा हम्बोल्ट धारा पर प्रतिस्थापित हो जाती है। यह धारा पेरू तट के जल का तापमान $10^0$ **C** तक बढ़ा देती है। इस प्रकार यह प्रशान्त महासागर पर एक ताप बढ़ाने वाली परिघटना है।
**सुनामी**-भूकम्प और ज्वालामुखी से महासागरीय धरातल में अचानक विस्थापन होता है। परिणामस्वरूप ऊर्ध्वाधर ऊँची तरंगें पैदा होती हैं जिन्हें सुनामी कहा जाता है। महासागर में जलतरंग की गति जल की गहराई पर निर्भर करती है इसकी गति उथले समुद्र में ज्यादा और गहरे समुद्र में कम होती है। परिणामस्वरूप महासागरों के अंदरूनी भाग इससे कम प्रभावित होते हैं। तथा तटीय क्षेत्रों में ये तरंगें ज्यादा प्रभावी होती हैं और विनाशकारी रूप ले लेती हैं।

**90. (a)**
सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| सूची-I (द्वीप) | – | सूची-I (अवस्थिति) |
|---|---|---|
| लूजोन | – | प्रशान्त महासागर |
| मेडागास्कर | – | हिन्द महासागर |
| ग्रीनलैण्ड | – | अटलांटिक महासागर |
| बेफिन | – | आर्कटिक महासागर |

अतः स्पष्ट है कि विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**91. (b)**
वैश्वीकरण, तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या, वनों की कमी एवं अन्य मानवीय गतिविधियों के कारण हाल के वर्षों में वायुमण्डल में कार्बन डाईऑक्साइड की सान्द्रता में बढ़ोत्तरी हुई है, किन्तु उसमें अधिकांश वायुमण्डल के निचले भाग में नहीं रहती, जिसका एक प्रमुख कारण यह है कि समुद्रों में पादप प्लवक प्रकाश संश्लेषण कर लेते हैं।

**92. (c)**
पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक व कार्यशील लोगों को पर्यावरण अतिवादी कहा जाता है। पर्यावरण अतिवादियों का विश्वास है कि पृथ्वी पर मानव समाज पृथ्वी की वहन करने की क्षमता की सीमाओं के समीप तक खतरनाक रूप से बढ़ रहा है तथा ये सख्त जनसंख्या नियंत्रण की मांग करते हैं साथ ही कम उपभोग उन्मुख और कम अपशिष्ट उत्पादक जीवन शैली पर बल देते हैं।

**93. (a)**
सिंह पुच्छी वानर (मॅकाक) पश्चिमी घाट का स्थानिक पशु है, जो कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु में पाया जाता है। ये चौड़ी पत्ती वाले सदाबहार मानसूनी वनों में रहते हैं।

**94. (d)**
पारिस्थितिक तंत्र भौतिक तंत्र का एक ऐसा विशिष्ट प्रकार है जो जैविक एवं अजैविक घटकों के अन्र्तसंबंध से निर्मित होता है। पारिस्थितिकीय तंत्र के विविध अवयव आपस में एक दूसरे पर निर्भर हैं तथा मानव क्रियाओं से वातावरण प्रभावित भी होता है। अतः अभिकथन गलत है, किन्तु कारण सही है।

**95.(a)**
खाद्य जालों में विविधिता वृद्धि परिस्थितिकी तन्त्र की स्थिरता को बढ़ावा देती है क्योंकि वह पारिस्थितिकी तन्त्र की समुत्थान शक्ति को बढ़ाती है। भोजन की दृष्टि से खाद्य शृंखला में उत्पादक (पौधे), उपभोक्ता (जन्तु) एवं अपघटक (कवक एवं जीवाणु) के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध होता है। अनेक खाद्य शृंखला के पारस्परिक सम्बन्ध को खाद्य जाल (Food Web) कहते हैं। खाद्य जाल एक संपूर्ण समुदाय के सभी जीवों में सम्बन्ध स्थापित करता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि खाद्य जाल में ऊर्जा का प्रभाव एक दिशीय होते हुए भी कई पथों से होकर होता है।
अतः A तथा R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या है।

**96. (d)**
**कथन-1** सही हैः फर्नेस तेल या ईंधन तेल पेट्रोलियम रिफाइनरीज का एक उप-उत्पाद है, यह एक गहरे रंग का चिपचिपा अवशिष्ट ईंधन है जो मुख्य रूप से कच्चे आसवन इकाई, लघु अवशेष और द्रवीकृत उत्प्रेरक क्रैकर इकाई से स्पष्ट तेल से भारी घटकों को मिलाकर प्राप्त किया जाता है।
**कथन-2** सही हैः इसका उपयोग मुख्य रूप से बिजली संयंत्रों, जहाजों पर और औद्यौगिक संयंत्रों में भाप बॉयलरों के लिए किया जाता है।
**कथन-3** सही हैः ईंधन में निहित सल्फर, सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) के उत्सर्जन का कारण बनता है और द्वितीयक कण पदार्थ (PM) के निर्माण में भी योगदान देता है।

**97. (c)**
सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है।

| प्रदूषक | प्रभाव |
|---|---|
| A. कार्बन मोनोऑक्साइड | 1. लीवर और किडनी को क्षति |
| B. नाइट्रोजन के ऑक्साइड | 2. कैन्सर |
| C. धूल कण | 3. श्वास सम्बन्धी रोग |
| D. सीसा | 4. केन्द्रीय नर्वस सिस्टम |

अतः इस प्रकार विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**98. (d)**
सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है -

| सूची–I (आयोजन) | सूची–II (नाम) |
|---|---|
| I. एपिको मूवमेंट | अप्पू व ममता |
| II. नर्मदा बचाओ आंदोलन | मेधा पाटकर |
| III. पीपुल्स फार एनिमल्स | मेनका गांधी |
| IV. रिसूरेक्शन ऑफ कालि बेन रिवूलेट | बलवीर सिंह सींचेवाल (होशियारपुर पंजाब, नदी प्रदूषण विरोधी आन्दोलन के प्रणेता) |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**99. (b)**
सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| क्रायोप्रिजर्वेशन | – बहुत ही कम ताप पर भंडारण |
| भूकम्प | – अधिकेन्द्र |
| जैव मंडल संरक्षित | – विशिष्ट संवर्ग का संरक्षित क्षेत्र |
| रेड क्षेत्र डाटा बुक | – संकटापन्न प्रजातियों का अभिलेख |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है।

**100. (b)**
सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है –

| राष्ट्रीय पार्क | | राज्य |
|---|---|---|
| दाचीगम | – | जम्मू एवं कश्मीर |
| पापीकोन्डा | – | आन्ध्र प्रदेश |
| सरिस्का | – | राजस्थान |
| बाँदीपुर | – | कर्नाटक |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित है

**101. (a)**
वर्तमान में देश में कुल 53 टाइगर रिजर्व हैं। बुक्सा टाइगर रिजर्व पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में स्थित है। इसकी स्थापना 1982-83 में की गई थी। वर्ष 1992 में इसे नेशनल पार्क घोषित किया गया। बुक्सा किले के नाम पर इसका नाम बुक्सा पड़ा।

**102. (a)**
घरेलू अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्र हैं–(i) सामान्य सरकारी क्षेत्र (ii) वास्तविक क्षेत्र तथा (ii) वित्तीय क्षेत्र।
अर्थव्यवस्था के वास्तविक क्षेत्र (Real Sector) में उद्यमों (गैर-वित्तीय निगमों), घरों और परिवारों की सेवा करने वाले गैर लाभकारी संस्थाएं शामिल हैं। गैर-वित्तीय संगठनों में बाजार की वस्तुओं और गैर-वित्तीय सेवाओं के उत्पादन में शामिल सभी निवासी इकाइयां (Resident Units) शामिल हैं। बाजार की वस्तुएं और सेवाएं वे वस्तुएं एवं सेवाएं हैं जो बाजार कीमतों पर बेची जाती हैं।
घरेलू (Households) क्षेत्र में सभी निवासी परिवार शामिल हैं। जो व्यक्ति अपने अंतिम उपभोग के लिए या बाजार में बिक्री के लिए वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में संलग्न हैं, वे भी घरेलू क्षेत्र से सम्बन्धित हैं। आय के स्रोतों से घरेलू क्षेत्र को 4 उप-क्षेत्रों में विभाजित किया गया है–जैसे–स्वरोजगार या उद्यमी (नियोक्ता), कर्मचारी, संपत्ति और हस्तांतरण आय के प्राप्तकर्ता, स्वयं के खाते के कार्यकर्ता।
वास्तविक क्षेत्र के घरेलू क्षेत्र में परिवार के व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह हैं, जो –
– समान रहने की जगह साझा करें,
– अपने कुछ या सभी संसाधनों, आय और धन को एकत्रित करें
– उत्पादन गतिविधि में संलग्न हो सकते हैं।
इस प्रकार स्पष्ट है कि कथन 1 और कथन 2 सही हैं।

**103. (a)**
द्वितीय पंचवर्षीय योजना की अवधि 1956 से 1961 के मध्य थी। यह योजना पी.सी. महालनोबिस मॉडल पर आधारित थी।
- योजना अवकाश (छुट्टी) की अवधि 1966 से 1969 तक थी। इस तीन वर्षों में कोई भी पंचवर्षीय योजना नहीं बनायी गयी थी। बल्कि प्रत्येक वर्ष एक वर्षीय योजना बनायी गयी थी। योजना अवकाश का कारण भारत-पाकिस्तान युद्ध एवं तृतीय पंचवर्षीय योजना की विफलता थी।
- जब केन्द्र में मोरारजी देसाई सरकार सत्ता मे आयी तो उसने पांचवीं पंचवर्षीय योजना को 1978 में समाप्त कर दिया और इसके स्थान पर एक 'वार्षिक प्लान' बनाया जिसे 'रोलिंग प्लान' कहा गया।

**104. (c)**
**लारेंज वक्रः** इसके ग्राफ के माध्यम से आय वितरण को संदर्भित किया जाता है।
इसको 1905 मे मैक्स ओ लारेंज द्वारा आय वितरण की असमानता का प्रतिनिधित्व करने के लिए विकसित किया गया था।
**फिलिप्स वक्रः** इसमें मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के मध्य एक स्थिर और उल्टा संबंध होता है, के बारे में बताया गया है।
**एंजेल वक्रः** किसी वस्तु या सेवा पर घरेलू व्यय और आय के मध्य संबंध का प्रदर्शन करता है।
**लाफर वक्रः** इसके द्वारा कर-दरों और कुल कर राजस्व के मध्य संबंध दर्शाया जाता है।

**105. (c)**
समर्थित मूल्यों पर खाद्यान्नों की सार्वजनिक खरीद नीति द्वारा कृषि मूल्य में स्थिरता, कृषकों को दिए गए प्रेरणादायक मूल्य में वृद्धि तथा सार्वजनिक वितरण के लिए खाद्यान्नों का भंडारण आदि सुनिश्चित किया जाता है।

**106.(b)**

| **फसल** | | **प्रजातियाँ** |
|---|---|---|
| धान | – | रत्ना, जया, पद्मा, अमन, बोरो, पूसा, सुगंधा आदि |
| गेहूँ | – | कल्याण, सोना, सोनालिका आदि |
| अलसी | – | हिमानी, मुक्ता, नीलम, जवाहर-17 आदि |
| मटर | – | रचना, अपर्णा, सपना, उत्तर, पूसा प्रगति आदि |
| मंसूर | – | मलिका, प्रिया, गरिमा, पूसा वैभव आदि |
| सरसो | – | गिरिराज, पीताम्बरी, वरुण, दिव्या-33 आदि |

**107.(d)**
जुताई रहित कृषि या बिना जुताई के खेती, खेती करने का एक तरीका है जिसमें भूमि को बिना जोते ही बार-बार कई वर्षों तक फसले उगायी जाती है। जुताई रहित कृषि के निम्न लाभ है–
- जुताई न करने के कारण भूमि का अपरदन बहुत कम होता है।
- इस विधि के प्रयोग से नए फसलों के लिए खेत में नयी बची रहती है।
- भूमि के अन्दर तथा बाहर जैव विविधता को क्षति नहीं होती है।
- फसल अवशेषों को बिना जलाए गेहूँ की खेती संभव है।
- चावल की नई पौध नर्सरी बनाए बिना, धान के बीजों का नम मृदा में सीधे रोपण संभव है।
- मृदा में कार्बन पृथक्करण संभव है।

**108. (b)**
सहकारी बैंक, सहकारी समितियों अधिनियम के अंतर्गत आते हैं, जो RBI द्वारा विनियमित हैं और बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 और बैंकिंग कानून (सहकारी समितियां) अधिनियम 1965 द्वारा शासित है। जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको की तुलना में कम ऋण देते हैं, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक को सबसे प्रमुख कार्य प्राथमिक कृषि साख समितियों को निधि उपलब्ध कराना है। यह कृषि क्षेत्र में अपनी कुल ऋण का 75 प्रतिशत प्रदान करता है।

**109. (a)**
भारत में प्रथम विनिवेश आयोग का गठन 1996 में जी.वी. रामकृष्ण की अध्यक्षता में किया गया। अगस्त 1999 तक इस कमेटी ने 58 सार्वजनिक उद्योगों से सम्बन्धित सिफारिशें दी। आयोग की सिफारिशों के आधार पर विनिवेश हेतु 16 मार्च, 1999 को सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को दो भागों सामरिक और गैर–सामारिक में बाँटा गया।
**नोट :** भारतीय संदर्भ में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सरकारी अंशधारिता नियन्त्रण को निजी हाथों में बेचे जाने की प्रक्रिया विनिवेश कहलाता है। भारत में विनिवेश की प्रक्रिया का आरम्भ वर्ष 1991–92 रहा है।

**110. (b)**
उत्तर प्रदेश में उर्वरक संयंत्र गोरखपुर, प्रयागराज (फूलपुर), कानपुर, बरेली में स्थित है, लखनऊ में नहीं। जबकि तेल शोधनशाला मथुरा में, कालीन उद्योग भदोही में और एल्यूमीनियम संयंत्र सोनभद्र में स्थित है।

**111. (d)**
- कई आर्थिक कारक हैं जो सरकारी बॉन्ड प्रतिफल को प्रभावित करते हैं, जैसे कि ब्याज दरें, मुद्रास्फीति और आर्थिक विकास आदि।
- प्रतिफल को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति, विशेष रूप से ब्याज दरों का क्रम, सरकार की राजकोषीय स्थिति, वैश्विक बाजार, अर्थव्यवस्था और मुद्रास्फीति हैं।
- यूनाइटेड स्टेट्स फेडरल रिज़र्व की कार्रवाई भी इसे प्रभावित करती है।

**112. (b)**
हेडलाइन मुद्रास्फीति, मुद्रास्फीति का कच्चा आंकड़ा है, जो कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर तैयार किया जाता है। इसमें प्राथमिक वस्तुओं सहित खाद्य एवं ईंधन की कीमतों में होने वाले

उतार-चढ़ाव को भी सम्मिलित किया जाता है। हेडलाइन मुद्रास्फीति तात्कलिक झटकों से प्रभावित होती है क्योंकि इसमें खाद्य एवं ईंधन जैसी त्वरित उतार-चढ़ाव कीमत वाली वस्तुएं शामिल होती है। हेडलाइन मुद्रास्फीति में से खाद्य एवं ईंधन के घटकों को हटाने पर हम कोर मुद्रास्फीति का मापन कर सकते है क्योंकि कोर मुद्रास्फीति में खाद्य, ईंधन तथा ऐसे मदों को शामिल नहीं किया जाता, जो किसी अर्थव्यवस्था में माँग और उत्पादन के पारम्परिक ढांचे से बाहर हो। इन्हें शामिल न करने का कारण यह है कि इनमें त्वरित परिवर्तन की आशंका बनी रहती है, ऐसे में यदि इन्हें सम्मिलित करते हुए इनके आधार पर मौद्रिक नीति का निर्माण किया जाएगा, तो त्वरित बदलते परिदृश्य में इसके आधार पर बनी नीतियों में भी परिवर्तन लाना होगा और मौद्रिक नीति सप्ताह या अर्द्धमासिक लाना व्यवहारिक नहीं होगा।

**113.(d)**

संविधान ने बजट को 'वार्षिक वित्तीय विवरण' कहा है। इसका उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 112 में किया गया है। इसमें वित्तीय वर्ष के दौरान भारत सरकार के अनुमानित प्राप्तियों और खर्च का विवरण होता है, जो 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक होता है। संसद में बजट निम्नलिखित 6 स्तरों से गुजरता है।

1. बजट का प्रस्तुतिकरण
2. आम बहस
3. विभागीय समितियों द्वारा जांच
4. अनुदान की मांग पर मतदान
5. विनियोग विधेयक का पारित होना
6. वित्त विधेयक का पारित होना

**114. (a)**

राजकोषीय घाटा बजटीय घाटे से बड़ा होता है। अतः कथन सही है। राजकोषीय घाटे का अर्थ है, सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक से उधार लेकर तथा अन्य देयताओं से लेकर अपने खर्च पूरे करना। कारण कथन की स्पष्ट व्याख्या कर रहा है। अतः सही उत्तर विकल्प (a) होगा।

**115. (d)**

निम्नलिखित युग्म सही सुमेलित हैं-

| मात्रा | | एस.आई. मात्रक |
|---|---|---|
| दाब | - | पॉस्कल |
| लेंस की क्षमता | - | डायोप्टर |
| ऊष्मा | - | जूल |
| रेडियो एक्टिव पदार्थ की सक्रियता | - | बेकुरल |

**116. (b)**

पारसेक लम्बाई की खगोलीय इकाई है। पारसेक का प्रयोग खगोलशास्त्र में होता है। एक पारसेक = $3.085 \times 10^{16}$ मीटर होता है। अतः सही सुमेल निम्न है–

| प्रकाश वर्ष | खगोलीय दूरी की इकाई |
|---|---|
| पारसेक | लम्बाई की खगोलीय इकाई |
| डेसीबल | ध्वनि तीव्रता की इकाई |
| हर्ट्ज | आवृत्ति की इकाई |

**117. (d)**

सीटी बजाने से पूर्णतः घर्षणहीन पृष्ठ पर कोई भी व्यक्ति गति नहीं कर सकता, क्योंकि किसी भी प्रकार की गति के लिए घर्षण (Friction) या क्रिया-प्रतिक्रिया बल आवश्यक है। व्यक्ति की किसी पृष्ठ पर गति के प्रतिक्रिया स्वरूप उसके पैरों पर घर्षण बल या प्रतिक्रिया बल कार्य करता है। इसी आधार पर न्यूटन ने क्रिया-प्रतिक्रिया का नियम प्रतिपादित किया है। जबकि किसी तंत्र पर लगा बल उस तंत्र के संवेग परिवर्तन कि दर के बराबर होता है अतः यदि किसी तंत्र पर कोई वाह्य बल क्रियाशील नहीं है तो इसका संवेग अपरिवर्तित रहता है। अतः कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

**118. (d)**

द्रव का स्वतंत्र पृष्ठ सदैव तनाव में रहता है तथा उसमें कम-से-कम क्षेत्रफल प्राप्त करने की प्रवृत्ति होती है। द्रव के पृष्ठ का यह तनाव ही पृष्ठ तनाव कहलाता है। पृष्ठ तनाव के कारण ही पानी से बाहर निकालने पर शेविंग ब्रश के बाल आपस में चिपक जाते हैं।

**119. (c)**

**तरंग दैर्ध्य**- अनुदैर्ध्य तरंगों के संचरण में दो क्रमागत संपीडनों या विरलनों के बीच की दूरी को या किसी माध्यम के किसी कण के एक पूरा कंपन किये जाने पर तरंग जितनी दूरी तय करती है, उसे तरंगदैर्ध्य कहते है। ध्वनि तरंगे एक यांत्रिक तरंगे के साथ-साथ दबाव व अनुदैर्ध्य तरंगे भी है जो माध्यम के कणों के पीछे और आगे कंपन से उत्पन्न होती है, जिसके माध्यम से ध्वनि तरंगे चलती है।

**120. (a)**

रेफ्रिजरेटर के फ्रीजर में बर्फ जमा होने से रेफ्रिजरेटर में शीतलन बुरी तरह से प्रभावित होता है, क्योंकि बर्फ ऊष्मा की कुचालक है अतः दोनों A और R सही है तब A का सही स्पष्टीकरण R है।

**121.(a)**

सही सुमेलित है–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| मृगतृष्णा | पूर्ण आन्तरिक परावर्तन |
| साबुन-पानी की परतों का रंग | व्यतिकरण |
| आकाश का नीला रंग | प्रकीर्णन |
| प्रिज्म से प्राप्त दृष्ट वर्णक्रम (स्पेक्ट्रम) | विक्षेपण |

**122. (d)**

गैस, पदार्थ की वह भौतिक अवस्था होती है जिसमें आकार और आयतन दोनों अनिश्चित होते हैं। कंटेनर में भरे हुए कार्बन-डाईआक्साइड के अणुओं के बीच की दूरी कंटेनर के आयतन में वृद्धि तथा कार्बन-डाई-आक्साइड की मात्रा में कमी होने बढ़ सकती है।

**123.(b)**

सोडियम क्लोराइड का क्रिस्टलन तथा बर्फ का पिघलना भौतिक परिवर्तन के उदाहरण हैं जबकि दूध का खट्टा होना रासायनिक परिवर्तन है। भौतिक परिवर्तन सामान्यतः उत्क्रमणीय होता है। इसके परिवर्तन से नये पदार्थ नहीं बनते है, जबकि रासायनिक परिवर्तन द्वारा एक से अधिक नए पदार्थ बनते है। रासायनिक परिवर्तन को रासायनिक अभिक्रिया भी कहते है।

**124. (a)**

वह शुद्ध पदार्थ जो रासायनिक रूप से दो या दो से अधिक तत्त्वों के एक निश्चित अनुपात में रासायनिक संयोग से बने होते हैं, यौगिक कहते हैं। आयनिक यौगिक में विद्युत अपघट्य जल में डालने पर धनात्मक एवं ऋणात्मक भागों में बंट जाता है। ये यौगिक कार्बनिक विलायकों में अविलेय होते हैं। जबकि अपनी यौगिक अपने जलीय विलयन में विद्युत के उत्तम चालक होते है।

**125. (b)**

मेण्डलीफ की आधुनिक आवर्त सारणी में—

(i) वर्ग में ऊपर से नीचे आने पर इलेक्ट्रान बंधुता कम तथा आवर्त में बायें से दाये जाने पर बढ़ती जाती है।

(ii) वर्ग में ऊपर से नीचे आने पर आयनन विभव कम तथा आवर्त में बायें से दायें जाने पर बढ़ता जाता है।

(iii) आवर्त में बायें से दायें जाने पर विद्युत ऋणात्मकता बढ़ती जाती है।

(iv) वर्ग में ऊपर से नीचे आने पर नये-नये कक्ष जुड़ते जाते है, जबकि आवर्त में बायें से दायें जाने पर एक ही कक्ष में इलेक्ट्रॉनों की संख्या बढ़ती जाती है।

**126. (c)**

सही सुमेलित है–

| | **धातु** | | **गुणधर्म** |
|---|---|---|---|
| A. | सोडियम | – | चाकू से आसानी से काटा जा सकता है |
| B. | पारा | – | कमरे के ताप पर द्रव |
| C. | चाँदी | – | विद्युत का अच्छा सुचालक |
| D. | सीसा (लेड) | – | ऊष्मा का कुचालक |

**127. (c)**

एकिडना एक स्तनधारी है जो अण्डे देता है। अण्डे देने वाले स्तनधारियों को 'मोनोट्रेम्स' (Monotremes) कहा जाता है। विश्व में केवल 5 स्तनधारी ऐसे हैं जो अण्डे देते हैं। जिनमें चार एकिडना की प्रजातियाँ तथा एक 'प्लैटिपस' की प्रजाति है।

**128.** (c)

कोशिका जीवन की सबसे छोटी कार्यात्मक व संरचनात्मक इकाई है, जिसके अध्ययन को 'साइटोलॉजी (Cytology)' कहा जाता है। पादप व प्राणी कोशिकाओं की संरचना अलग-अलग होती है, जो पादपों को प्राणियों से भिन्न करती है–

1- पादप कोशिकाओं में सेलुलोस की कोशिका भित्तियाँ पाई जाती है जबकि प्राणी कोशिकाओं में कोशिका भित्ति अनुपस्थित होती है।
2- पादप कोशिकाओं में लवक (कवक को छोड़कर) पाये जाते है जबकि प्राणी कोशिकाओं में लवक नहीं पाये जाते हैं।
3- पादप कोशिकाओं के मध्य में एक बड़ी या अनेक रिक्तिकायें पाई जाती है जबकि प्राणी कोशिकाओं में रिक्तिकाएं बहुत छोटी या फिर अनुपस्थित होती हैं।
4- शैवाल तथा कवक के अतिरिक्त सभी पादप कोशिकाओं में तारककाय अनुपस्थित होते हैं जबकि प्राणी कोशिकाओं में तारककाय उपस्थित होते हैं।
5- पादप कोशिकाएं स्वपोषित होती हैं। इनमें प्रकाश संश्लेषण की क्रिया होती है जबकि प्राणी कोशिकाएं परपोषित होती हैं इनमें प्रकाश संश्लेषण की क्रिया नहीं होती है।

**129.(c)**

बबल बेबी सिंड्रोम शिशुओं में होने वाली एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी है। इससे पीड़ित शिशुओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता अत्यन्त न्यून हो जाती है। इसके उपचार हेतु जर्म रहित प्लास्टिक के बुलबुले (इनक्यूबेटर) का प्रयोग होता है।

**130.(c)**

प्रोबायोटिक खाद्य में सजीव जीवाणु विद्यमान होते हैं, जो मानव के लिए लाभकारी माने जाते हैं। प्रोबायोटिक खाद्य अन्त्र फ्लोरा के अनुरक्षण में सहायता देता है। उपर्युक्त दोनों कथन सही हैं।

**131. (d)**

नर की अपेक्षा मादा मच्छर के डैने (पंख) बड़े होते हैं और केवल मादा मच्छर ही रक्त चूसती है, जबकि नर मच्छर अपना पोषण फल फूलों के रस से करते हैं। इस प्रकार प्रश्नगत कथन 2 और 5 सत्य हैं। शेष कथन असत्य है।

**132. (b)**

मानव शरीर सेलुलोज के पाचन में असक्षम है। मानव शरीर में स्टार्च अपघटक एन्जाइम, डायस्टेस, विद्यमान रहता है। परंतु इन दोनों का कोई सीधा संबंध नहीं है। अतः कथन और कारण दोनों सही है, परंतु कारण (R) कथन (A) की सही **व्याख्या** नहीं है।

**133. (c)**

मस्तिष्क मानव शरीर का केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण अंग है और यह आदेश व नियंत्रण तंत्र की तरह कार्य करता है। यह ऐच्छिक गमन, शरीर के संतुलन, प्रमुख अनैच्छिक अंगों के कार्य, तापमान नियंत्रण भूख एवं प्यास, परिवहन, हृदय गति का नियंत्रण तथा मानव व्यवहार को भी नियंत्रण में रखता है। यह देखने सुनने, बोलने की प्रक्रिया, याद्दाश्त, कुशाग्रता, भावनाओं और विचारों का केंद्र भी है। हृदयगति का नियंत्रण मेडुला ऑब्लान्गेटा (मेरु-मज्जा) जबकि शरीर का संतुलन बनाने का कार्य सेरीबेलम करता है।

**134. (d)**

| **हार्मोन** | **–** | **प्रकार्य** |
|---|---|---|
| एल्डोस्टेरॉन | – | लवण धारक हार्मोन |
| ईस्ट्रोजन | – | स्त्रियों के गौण लैंगिक लक्षण को बनाए रखना |
| मेलाटोनिन | – | मनुष्य के शरीर में होने वाले परिवर्तन (सर्केडियन लय) को नियंत्रित करना। |
| प्रोजेस्टेरॉन | – | गर्भ का संधारण |

**135. (a)**

| **(ग्रन्थि)** | | **(हार्मोन)** |
|---|---|---|
| A. अग्न्याशय | – | ग्लूकागॉन |
| B. पीयूष ग्रन्थि | – | अवटु ग्रन्थि उत्तेजक हॉर्मोन |
| C. अधिवृक्क | – | कॉर्टिसॉल |
| D. वृक्क | – | विटामिन–D |

**136.** (a)

कथन (1) 11 जनवरी, 2024 को जारी स्वच्छ सर्वेक्षण के आठवें संस्करण में देश के 4477 शहरों का आंकलन प्रस्तुत किया गया। सर्वेक्षण रिर्पोट के अनुसार–

- 1 लाख से अधिक जनसंख्या में इन्दौर लगातार सातवीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया। जबकि आगरा को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।
- 1 लाख से कम जनसंख्या में – सासवाड़ (महाराष्ट्र) प्रथम स्थान पर है।
- शीर्ष 3 स्वच्छ राज्य – महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़।

→ पुरस्कार समारोह में 2024 हेतु 'स्वच्छ भारत मिशन' के गीत (Anthem) का भी विमोचन किया गया जिसके गायक कैलाश खेर हैं।

कथन (2) पीएम मोदी ने 15 नवंबर, 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर झारखण्ड के खूँटी जिले से 'प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन)' की शुरुआत की। 'पीएम-जनमन' का लक्ष्य विशेष रूप से संवेदनशील 75 जनजाति समूहों (PVTG) का विकास करना है। केन्द्रीय जनजाति कार्य मंत्रालय इस अभियान की नोडल एजेंसी है।

**137.** (a)

कथन (1) पूर्व IPS अधिकारी रहे लाल दुहोमा को नवम्बर, 2023 में हुए विधानसभा चुनाओं के पश्चात मिजोरम का मुख्यमंत्री निर्वाचित किया गया। वर्ष 1988 में, लाल दुहोमा 'दल-बदल विरोधी कानून' के तहत अयोग्य घोषित किए गए देश के पहले लोकसभा सांसद थे। 9वीं मिजोरम विधानसभा चुनाव में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (ZPM) पार्टी ने बहुमत प्राप्त किया।

कथन (2) जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 द्वारा राज्य में विधानसभा सीटों की कुल संख्या 107 से बढ़ाकर 114 करने का प्रस्ताव किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति के लिए 7 सीटें तथा अनुसूचित जनजाति के लिए 9 सीटें भी आरक्षित की गई हैं।

**138.** (c)

कथन (1) केन्द्र सरकार ने साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की शहादत की याद में 26 नवंबर के प्रत्येक वर्ष 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की है। सरकार ने 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में भी मनाने की घोषणा की है।

कथन (2) सरकार ने तेलंगाना के मुलुगु जिले में सम्मक्का सरक्का केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है।